RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-352 जयपुर, बुधवार, 17 जून 2026 मूल्य-4 रूपये

### जी-7 समिट में मोदी ने होर्मुज में भारतीयों की मौत का मुद्दा उठाया

# नाविकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी: मोदी

नई दिल्ली/एवियन (फ्रांस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के एवियन में आयोजित जी-7 समिट के पहले दिन होर्मुज स्ट्रेट में भारतीयों की मौत का मुद्दा उठाया। आउटरीच सेशन में मोदी ने कहा- कई भारतीय नागरिकों ने भी अपनी जान गंवाई है। वैश्विक समुद्री व्यापार के जरिए देशों को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है।

मोदी ने कहा कि हम पश्चिम एशिया में शांति की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत करते हैं। इस संघर्ष की वजह से क्षेत्र के हमारे मित्र देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है। होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले समुद्री व्यापार में रुकावट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है।

सेशन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी मौजूद थे और पीएम मोदी के पास ही बैठे थे। वहीं, आज शाम 6:30 बजे मोदी-ट्रम्प की द्विपक्षीय मीटिंग होगी। व्हाइट हाउस के मुताबिक, भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।



आज की दुनिया पहले से कहीं ज्यादा आपस में जुड़ी हुई और एक-दूसरे पर निर्भर है। लेकिन, पार्टनरशिप तभी सफल हो सकती है जब वह भरोसे पर टिकी हो।

आपसी भरोसा सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक संपत्ति है। दुख की बात है कि आज दुनिया में संसाधनों की नहीं, बल्कि भरोसे की कमी है। हमारी पार्टनरशिप का भविष्य इसी भरोसे को फिर से कायम करने पर निर्भर करता है।

भारत में हम दुनिया को परिवार मानते हैं। हमारा अनुभव बताता है कि विकास तभी असरदार होता है जब वह लोगों की आकांक्षाओं से जुड़ा हो। यही सिद्धांत हमारी अंतरराष्ट्रीय पार्टनरशिप का आधार भी है।

### ट्रम्प कुर्सी से खड़े हुए, मोदी से हाथ मिलाया

*पीएम मोदी फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित त्न-7 समिट में शामिल हुए। पीएम मंगलवार को यहां स्लोवाकिया से पहुंचे थे। पीएम की ट्रम्प से मुलाकात हुई थी। पीएम मोदी को देखकर ट्रम्प सीट से खड़े हुए और उनसे हाथ मिलाया। इसके बाद दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात हुई। पीएम मोदी की पिछले साल फरवरी में वॉशिंगटन के बाद ट्रम्प के साथ ये पहली मुलाकात रही। पिछले 16 महीनों के दौरान भारत-अमेरिका रिश्ते खासे उतार-चढ़ाव वाले रहे। इनमें ट्रम्प टैरिफ और एच-1 बी वीसा के मुद्दे खास रहे। हाल में ओमान की खाड़ी में अमेरिकी हमले में 3 भारतीय नाविकों के मारे जाने की घटना भी साने आई है।*

भारत का मानना है कि पार्टनरशिप की असली परीक्षा यह नहीं है कि हम दूसरों के लिए क्या बनाते हैं, बल्कि यह है कि हम दूसरों को अपने लिए कुछ बनाने में कैसे सक्षम बनाते हैं।

ग्लोबल साउथ को दुनिया से बहुत उम्मीदें हैं। उसे केवल समर्थन नहीं, बल्कि पार्टनरशिप चाहिए। हमें लेन-देन वाली सोच से आगे बढ़कर समान पार्टनर के तौर पर काम करना चाहिए।

### मोदी हाई लेवल वर्किंग सेशन में शामिल हुए

पीएम मोदी जिस सेशन में शामिल हुए वह हाई लेवल वर्किंग सेशन था। इसकी थीम 'नई साझेदारियां बनाना और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को फिर से कायम करना' थी। इस सेशन में त्न7 देशों के नेता, सहयोगी देशों के नेता और वर्ल्ड बैंक और अफ्रीकन डेवलपमेंट बैंक के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल हुए।

### मोदी- मेलोनी की मुलाकात

मोदी जब एवियन पहुंचे तो फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद जी-7 के देशों के राष्ट्राध्याक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इसी बीच मोदी और इटालियन पीएम जॉर्जिया मेलोनी की बातचीत भी हुई।

मेलोनी ने मोदी से कहा- दोबारा मिलकर अच्छा लगा, हम इंस्टाग्राम पर सबसे फेमस हैं। दरअसल, मोदी पिछले महीने 5 देशों के दौरे पर गए थे। जहां उन्होंने रोम में पीएम मेलोनी को मेलोडी टॉफी दी थी। जिसका वीडियो वायरल हुआ था।

# नीट पुनर्परीक्षा तक भारत में टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर अस्थाई रोक लगाई

### 'पेपर लीक' की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाया कदम

नई दिल्ली



राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की 21 जून को होने वाली पुनर्परीक्षा को सुरक्षित और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्र सरकार ने भारत में टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर 22 जून तक अस्थाई रोक लगा दी है।

यह कदम संगठित नकल और साइबर धोखाधड़ी गिरोहों की अभ्यर्थियों को ठगने तथा 'पेपर लीक' की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा है कि भारत में टेलीग्राम प्लेटफॉर्म पर सीमित अवधि के लिए प्रतिबंध लगाने और उसके संदेश संपादन (मैसेज एडिटिंग) फीचर पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। एनटीए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69 के तहत जारी निर्देशों के अनुसार भारत में टेलीग्राम की पहुंच 22 जून तक सीमित रहेगी। इसके अलावा प्लेटफॉर्म को 30 जून तक भारत में पहले से पोस्ट किए गए संदेशों के संपादन की सुविधा निष्क्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। एजेंसी ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), गृह मंत्रालय, विभिन्न राज्यों की पुलिस और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) पिछले कई सप्ताह से टेलीग्राम पर सक्रिय फर्जी चैनलों, समूहों और बॉट्स के खिलाफ कार्रवाई कर रहे थे। एनटीए के अनुसार कई ऐसे चैनल हटाए गए, जो नीट प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के नाम पर अभ्यर्थियों और उनके परिवारों से हजारों से लेकर लाखों रुपये तक की मांग कर रहे थे। बयान में कहा गया कि पेपर लीक नीट, री-नीट 2026, प्राइवेट माफिया और री नीट माफिया जैसे नामों से संचालित चैनल कथित तौर पर पुनर्परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर रहे थे, जबकि परीक्षा का प्रश्नपत्र सुरक्षित परीक्षा श्रृंखला से बाहर उपलब्ध नहीं है और ऐसे सभी दावे पूरी तरह धोखाधड़ी हैं।

एनटीए ने यह भी कहा कि टेलीग्राम के संदेश संपादन फीचर का दुरुपयोग कर कुछ मामलों में परीक्षा संपन्न होने के बाद वास्तविक प्रश्नपत्र को पुराने संदेशों में जोड़कर उसे पहले से उपलब्ध होने का झूठा प्रमाण प्रस्तुत किया गया। मंत्रालय के निर्देश इस तरह की फर्जी सामग्री तैयार करने की संभावना को रोकने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं।

एजेंसी ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई द्वारा जारी सार्वजनिक चेतावनी तथा अहमदाबाद साइबर क्राइम शाखा की कार्रवाई का भी उल्लेख किया। एनटीए के अनुसार अहमदाबाद में एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जो टेलीग्राम के आठ चैनलों का संचालन कर रहे थे।

## रोडवेज बस और कार की भिड़ंत में चार सगे भाइयों की मौत

**बालोतरा।** जिले में मंगलवार को सड़क हादसे में चार सगे भाइयों की मौत हो गई। पाटौदी गांव के पास रोडवेज बस और कार की आमने-सामने भिड़ंत इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चारों भाइयों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, चारों भाई अपने गांव से करीब 22 किलोमीटर दूर कालेवा गांव में मकान निर्माण कार्य के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे चारों भाइयों के शव बाहर निकाले।

# जैक्वार कंपनी में टंकी ढही, 3 बच्चों की मौत

### मां के साथ नहाने गए थे मासूम, तीन घायल

भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा)

खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी में जैक्वार कंपनी के निर्माणाधीन प्लॉट में पानी की टंकी की दीवार ढह गई। हादसे में अब तक तीन बच्चों की मौत हुई है, जबकि 3 लोग गंभीर घायल हैं। हादसा सोमवार दोपहर 1:30 बजे हुआ था। भिवाड़ी थानाधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि- इस टंकी का निर्माण पांच दिन पहले ही हुआ था। जिन बच्चों की मौत हुई है वो तीनों भाई-बहन हैं। इनके परिवार यहां मजदूरी करते हैं।



शर्मा ने बताया- भिवाड़ी के पुराना समतल रोड के इंडस्ट्रियल एरिया में जैक्वार कंपनी के प्लांट में काम चल रहा था। सोमवार को पानी की टंकी पर कुछ बच्चे नहाने गए थे। अचानक से टंकी की दीवार भरभराकर बच्चों के ऊपर आ गिरी। डीएसपी प्रदीप नेहरा बताया - मलबे में दबे बच्चों में से मीनू (4) पुत्री हेमंत शर्मा की सोमवार शाम ही मौत हो गई। मीनू के भाई ज्योतिष (8) और शिवम (12) को गंभीर हालत में दिल्ली एम्स रेफर किया गया था। देर रात इलाज के दौरान दोनों बच्चों ने भी दम तोड़ दिया।

हादसे में 3 अन्य मजदूर भी घायल हुए थे। फिलहाल पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आईएसआई समर्थित आतंकी-क्राइम मॉड्यूल का भंडाफोड़

नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के समर्थन से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी-आपराधिक नेटवर्क का भंडाफोड़ करने का दावा करते हुए सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह मॉड्यूल पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर से आतंकी बने शहजाद भट्टी और उसके सहयोगी अजमल गुज्जर के इशारे पर संचालित हो रहा था।

यह नेटवर्क पंजाब के रास्ते ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से हथियार, कारतूस और मादक पदार्थ



मंगाकर दिल्ली-एनसीआर में उनकी सप्लाई करता था। पुलिस का दावा है कि समय रहते कार्रवाई कर दिल्ली-एनसीआर में कई संभावित आतंकी घटनाओं को टाल दिया गया।

पुलिस उपायुक्त नारा चैतन्य ने मंगलवार को बताया कि स्पेशल सेल की पूर्वी रेंज को मई 2026 के मध्य में खुफिया जानकारी मिली थी कि शहजाद भट्टी और अजमल गुज्जर सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को अपने नेटवर्क में शामिल कर दिल्ली-एनसीआर में हमलों की साजिश रच रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने सबसे पहले गाजियाबाद के लोनी निवासी मोहित उर्फ योगी (26) को दिल्ली के यमुना विहार स्थित भागीरथ जल शोधन संयंत्र के पास से दबोचा। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और अजमल गुज्जर से जुड़े चैट और वॉइस नोट वाला मोबाइल फोन बरामद किया गया।

मोहित से पूछताछ के बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। उसकी निशानदेही और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने अनस उर्फ अनस त्यागी, दीपक उर्फ दीपक अग्रौला, आरिफ उर्फ प्रधान, करणवीर सिंह, जतन और साबिर को गिरफ्तार किया। हालांकि, स्पेशल सेल ने अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के सटीक स्थान और समय का खुलासा नहीं किया है। गिरफ्तार आरोपितों में लोनी निवासी अनस त्यागी (26), मोहित उर्फ योगी (26), ट्रॉनिका सिटी निवासी दीपक अग्रौला (38), लोनी निवासी आरिफ उर्फ प्रधान (30), पंजाब के फतेहगढ़ साहिब निवासी करणवीर सिंह (26), ट्रॉनिका सिटी निवासी जतन (29) और लोनी निवासी साबिर (30) शामिल हैं।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में बी-52 बॉम्बर क्रैश, 8 की मौत

कैलिफोर्निया

अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर सोमवार सुबह बी-52 बॉम्बर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान में सवार सभी 8 लोगों के मारे गए हैं।

अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान नियमित परीक्षण उड़ान पर था। सुबह करीब 11.20 बजे टेकऑफ के तुरंत बाद विमान नीचे गिरा और उसमें आग लग गई। मृतकों में वायुसेना के जवान और विमान परीक्षण से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे। फिलहाल दुर्घटना की वजह साफ नहीं है।

अनुमान है कि विमान का कंट्रोल सिस्टम, इंजन या टेस्टिंग किए जा रहे किसी उपकरण में खराबी आई होगी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि क्या विमान में हथियार मौजूद थे। हादसे के बाद एयरफील्ड को बंद कर दिया गया है और आने वाले विमानों को दूसरे एयरबेस की ओर भेजा जा रहा है।

विमान जिस तरह उड़ान भरने के तुरंत बाद गिरा, उससे शुरुआती तौर पर फ्लाई कंट्रोल सिस्टम में खराबी की आशंका लगती है।

# वायुसेना अधिकारी की पत्नी से रेप, ब्लैकमेल और जबरन धर्म परिवर्तन का आरोप

नागपुर

नागपुर से एक बेहद चौंकाने और विचलित कर देने वाला मामला सामने आया है। एक भारतीय वायुसेना अधिकारी की पत्नी ने अपने ही बचपन के दोस्त पर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और अंत में धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का गंभीर आरोप लगाया है।

नागपुर में भारतीय वायुसेना के एक अफसर की 24 साल की पत्नी



से रेप, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया है। मुख्य आरोपी अयाज ताज मदारे उसका स्कूल क्लासमेट है। पीड़ित के मुताबिक, अयाज उस पर आयते पढ़कर फूंकता रहा। इसके बाद उसका रेप करता था। धर्मांतरण से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अयाज उसके हाथ पकड़े हुए आयतें पढ़ता दिखाई दे रहा है।

वीडियो में महिला कहती है, 'तुम्हें लड़ने की बहुत आदत है ना, हाथ छोड़ो ना... छोड़ो।' इसके बाद वह लगातार 'मुझे छोड़ दो' कहकर रोती और विरोध करती नजर आती है। जबकि आरोपी उसके हाथ जोर से पकड़े रहता है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित के पति भारतीय वायुसेना में हैं और फिलहाल दूसरे शहर में पोस्टेड है। महिला प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती है। फरवरी 2025 में आरोपी अयाज ने प्लॉट खरीदने के बहाने उससे संपर्क किया था। एफआईआर के मुताबिक, आरोपी ने महिला को वर्धा रोड स्थित एक होटल में बुलाया। महिला का आरोप है कि वहां उसे नशीला पदार्थ मिला जूस पिलाया गया। बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया गया और उसकी फोटो-वीडियो बना ली गई।बाद में इन्हीं आपत्तिजनक वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल किया गया।

## टीएमसी के दोनों गुटों का पक्ष सुनेंगे स्पीकर, ममता खेमे को भी बुलाया

### बागी सांसदों के एनसीपीआई में विलय के दावे पर कानूनी राय लेंगे

कोलकाता/नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी सांसदों ने लोकसभा में अलग ग्रुप के तौर पर मान्यता देने की मांग की है। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद फैसला करेंगे। स्पीकर कार्यालय ने ममता बनर्जी खेमे के सांसदों को भी ईमेल भेजकर बैठक के लिए बुलाया है। दोनों पक्षों से बात करने के बाद ही फैसला होगा। यह फैसला संसद के मानसून सत्र से पहले आ सकता है।

स्पीकर इस मामले में कानून मंत्रालय की राय भी ले सकते हैं। यह राय इसलिए ली जा रही है, ताकि स्पीकर का फैसला अदालत में चुनौती मिलने पर भी कानूनी जांच में टिक सके। रविवार को ञ्जरूष्ट के 20 बागी सांसदों में से 17 ने स्पीकर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने लोकसभा में अलग बैठने की व्यवस्था और अपने गुट के नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में विलय की जानकारी दी थी।

# बीकानेर-सीकर में बारिश, श्रीगंगानगर में धूल का गुबार

### 26 जिलों में आंधी-बरसात का अलर्ट

जयपुर

राजस्थान में प्री-मानसून सीजन शुरू हो गया है। मंगलवार को सीकर, बीकानेर में बारिश हुई। श्रीगंगानगर में धूल का गुबार छा गया। लगातार आंधी-बारिश से गर्मी कम हो गई है। कुछ शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया। लगातार बारिश से जून की कुल बारिश का 45 फीसदी कोटा भी पूरा हो गया।

7 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 19 जिलों में यलो अलर्ट है। सोमवार को चूरू, सीकर, जयपुर, अलवर के एरिया में आंधी चली थी।



चूरू में रेत के बवंडर से आसमान मटमैला हो गया। कुछ देर के लिए अंधेरा छा गया। इन जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ में भी कई स्थानों पर तूफानी बारिश हुई।

वहीं, दिल्ली में बिगड़े मौसम के कारण 4 डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया।

जून में राजस्थान में 55MM औसत बरसात होती है, लेकिन अब तक राज्य में 25MM बरसात हो चुकी है, जो औसत बारिश का 45 फीसदी है। इसमें पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में अच्छी बारिश है, जबकि जोधपुर संभाग में सामान्य से कम बारिश हुई है। जिले के कई इलाकों में सोमवार दोपहर को धूल के गुबार के साथ तेज आंधी आई। इस कारण कई इलाकों में 20 मिनट तक दिन में ही अंधेरा छा गया। इसके बाद चूरू व सादुलपुर में मध्यम दर्जे की बारिश भी हुई। ग्रामीण क्षेत्र में 11 केवी के तीन पोल टूट गए व एक ट्रांसफार्मर जल गया।

### मानसून 6 दिन से तेलंगाना में अटका

मानसून तेलंगाना के भद्राचलम में 6 दिन से अटका हुआ है। इस वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है। यहां कई हिस्सों में गर्मी लौट आई है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजी ऑर्गनाइजेशन की हाइड्रोमेट्री टीम के मेंबर डॉ. पंकज कुमार के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 3 से 4 दिन, तो मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री करीब हफ्तेभर बाद हो सकती है।

उनका यह भी कहना है कि इस हफ्ते के अंत तक बारिश की गतिविधियों में सुधार संभव है। मानसून के कमजोर होने की वजह समुद्र में नमी की कमी नहीं, बल्कि ऊपरी वायुमंडल की हवाओं का असामान्य पैटर्न है। इन हवाओं को जेट स्ट्रीम कहते हैं। ये हवाएं इस बार सामान्य से ज्यादा दक्षिण की ओर खिसक गई है, जिससे मानसून की गति प्रभावित हो रही हैं।

**अरब सागर में भी 8 जून से फंसा मानसून**

इधर, अरब सागर से उठ रही मानसूनी हवाएं भी 8 जून से अटकी हुई हैं। इस वजह से देश के अंदर पहुंच चुकीं मानसूनी हवाओं को पुश नहीं मिल पा रहा है। यानी, मानसूनी हवाओं को तेलंगाना से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की तरफ धकेलने के लिए जरूरी प्रेशर नहीं बन रहा है।

# कफ सिरप अब डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही मिलेगा, सरकार ने दवा खरीद के नियम बदले

नई दिल्ली

कफ सिरप अब बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदे जा सकेंगे। केंद्र सरकार ने ड्रग्स नियमों में बदलाव किया है। इसके तहत सिरप को अब उस लिस्ट से हटा दिया गया है, जिसमें दवाएं सीधे दुकान से खरीदी जा सकती हैं।

सरकार का कहना है कि इससे सिरप आधारित दवाओं पर निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण मजबूत होगा। साथ ही सिरप निर्माता और विक्रेता को लाइसेंसिंग और क्वालिटी कंट्रोल से जुड़े सख्त नियमों का पालन करना ही होगा।

मध्य प्रदेश में अक्टूबर 2025 में दूषित सिरप से 26 बच्चों की मौत हो गई थी।



नई व्यवस्था के तहत ड्रग्स रूल्स, 1945 की अनुसूची K में बदलाव किया गया है। इस अनुसूची में उन दवाओं को रखा गया था, जिन्हें कुछ नियमों में छूट दी गई थी। अब इस सूची से सिरप को हटा लिया गया है। मंत्रालय के मुताबिक, पहले अनुसूची च्च के तहत 1,000 से कम आबादी वाले गांवों में कफ सिरप की बिक्री के लिए कुछ रिटेल लाइसेंसिंग प्रावधानों से छूट थी। नए संशोधन के बाद यह छूट नहीं रहेगी। ऐसे गांवों में भी कफ सिरप केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त दवा दुकानों से ही बेचा जा सकेगा।

मंत्रालय ने बताया कि इस बदलाव से पहले 29 दिसंबर 2025 को मसौदा अधिसूचना जारी कर आम लोगों और संबंधित पक्षों से सुझाव और आपत्तियां मांगी गई थीं।

सरकार ने कहा कि नियमों में संशोधन से पहले देश की सर्वोच्च वैधानिक तकनीकी सलाहकार संस्था Drugs Technical Advisory Board (DTAB) से परामर्श किया गया था। केंद्र सरकार ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 12 और 33 के तहत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह बदलाव किया था।

## शिगेल संक्रमण से 7 साल के बच्चे की मौत

मलप्पुरम(एजेंसी)। केरल के मलप्पुरम जिले में शिगेला संक्रमण से 7 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, पूक्कोट्टूर निवासी अर्जव की कोझिकोड सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि अर्जव को 12 जून को बुखार और दस्त की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में उसमें शिगेला संक्रमण की पुष्टि हुई थी। इस साल केरल में शिगेला संक्रमण से यह चौथी मौत है। इनमें से तीन मौतें जून महीने में हुई हैं। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आंकड़ों के मुताबिक, 14 जून तक राज्य में शिगेला संक्रमण के 138 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। सबसे ज्यादा मामले कोझिकोड जिले में दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा राज्य में 77 संदिग्ध मामले भी सामने आए हैं। शिगेला एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जिससे दस्त, बुखार और पेट में ऐंठन जैसी समस्याएं होती हैं। यह बीमारी मुख्य रूप से दूषित भोजन या पानी के सेवन और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलती है।

## 3 साल की बच्ची से रेप, मौत

तरुवल्लूर(एजेंसी)। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में 3 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बिहार के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 19 साल के विबिन मंच के तौर पर हुई है, जो तिरुवल्लूर में मजदूरी करता है। वहीं पीड़ित परिवार भी बिहार का ही बताया जा रहा है, जो इंड्रस्ट्रीयल एरिया में काफी सालों से रह रहा था। स्थायीन लोगों के मुताबिक, रविवार को आरोपी बच्ची को बिस्किट का लालच देकर अपने साथ ले गया था। जिसके बाद बच्ची घर नहीं लौटी। सोमवार को एक महिला ने झाड़ी में बच्ची को गंभीर हालत में देखा। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान पता चला कि उसके साथ रेप हुआ था। थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने बताया कि बच्ची आरोपी को जानती थी। घटना के बाद गुस्साए परिजन और स्थानीय लोगों ने सडक़ पर उतरकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान कई राहगीरों के साथ मारपीट की गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## केंद्र ने वीबी-जी राम जी योजना के तहत बंगाल को दिए 8500 करोड़, सीएम शुभेंदु ने शुरू किए जन कल्याण शिविर

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को बताया कि केंद्र सरकार ने राज्य को वीबी-जी राम जी योजना के तहत 8,500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बंगाल को 8,508 करोड़ रुपये मिले हैं। उत्तर प्रदेश के बाद बंगाल इस योजना में सबसे ज्यादा फंड पाने वाला दूसरा राज्य बन गया है। योजना के तहत उत्तर प्रदेश को 9,721.48 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा, ग्राम सडक़ योजना के तहत भी 2,400 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं, जिनमें से 1,000 करोड़ रुपये केंद्र ने जारी कर दिए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम से राज्यव्यापी जन कल्याण शिविर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा, केंद्र से मिला यह पैसा ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देगा। राज्य में 15 जून से 17 जून तक 1,100 जन कल्याण शिविर लगाए जा रहे हैं। ये शिविर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। यहां लोग केंद्र और राज्य सरकार की 54 अलग-अलग योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं और उनके लिए आवेदन जमा कर सकते हैं।

## जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर को थप्पड़ मारे

### -प्रदर्शनकारियों ने युवक को पीटा; आपस में भिड़े समर्थक, कई फोन चोरी

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके को थप्पड़ मारे गए हैं। इसके बाद पार्टी के समर्थकों ने थप्पड़ मारने वाले युवक को पकडक़र पीट दिया। अभिजीत नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े अलग-अलग मुद्दों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं। प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग शहीद स्मारक पर जुटे थे। इससे पहले यहां नारेबाजी करते समय युवक आपस में भिड़ गए। इस पर पुलिस ने एक युवक को कस्टडी में ले लिया। धरनास्थल से कई प्रदर्शनकारियों के मोबाइल चोरी हो गए। इसके बाद मंच से लोगों को अपने मोबाइल सुरक्षित रखने के लिए कहा गया।

## गुरुग्राम से बंधक महिला का रेस्क्यू : दो साल तक शारीरिक प्रताड़ना और जबरन मजदूरी

बीरभूम(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले की 39 वर्षीय महिला, भादु मांडी को गुरुग्राम स्थित एक फ्लैट से दो साल से अधिक समय तक कथित तौर पर बंधक बनाकर रखने, शारीरिक प्रताड़ना और रोजाना 16 घंटे से अधिक घरेलू काम कराने के बाद मुक्त कराया गया है। महिला को 40,000 रुपये के अग्रिम भुगतान पर घरेलू सहायिका के रूप में गुरुग्राम लाया गया था। पुलिस के अनुसार, वहां महिला को कथित तौर पर लगातार 16 घंटे से अधिक काम और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इस मामले का खुलासा इसी साल मार्च में हुआ, जब मरम्मत के लिए आए एक तकनीशियन की मदद से भादु ने अपने परिवार से संपर्क कर दर्दनाक कहानी सुनाकर मदद मांगी। इसके बाद भादु की बहन लक्ष्मी टुडू ने अधिकारियों से गुहार लगाई। गैर-सरकारी संगठन 'नारी ओ शिशु कल्याण केंद्र' ने परिवार से विस्तृत जानकारी लेकर सरकारी एजेंसियों, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) और श्रम विभाग जैसी एजेंसियां शामिल थीं, से समन्वय स्थापित किया।

जांच के बाद, श्रम विभाग ने बंधुआ मजदूरी का मामला मानकर बीरभूम जिलाधिकारी को तुरंत हस्तक्षेप करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर थाने में बंधित श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 और भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल पुलिस की एक टीम गुरुग्राम पहुंची और लोकल प्रशासन के सहयोग से भादु को मुक्त कराया। बचाव अभियान के दौरान फ्लैट मालिक मौके पर नहीं मिले, उन्हें स्थानीय पुलिस के सामने पेश होने के लिए नोटिस दे दिया है। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है और दोषी होने पर सभी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भादु के वापस लौटने पर पुलिस उसका बयान दर्ज करेगी।

# जब उनका कोई दोष नहीं है तो इस्तीफा क्यों देंगे शिक्षा मंत्री

### – नीट परीक्षा मामले में मंत्री किरेन रिजिजू ने स्थित स्पष्ट की



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश में नीट परीक्षा और सीबीएसई से जुड़े मुद्दों को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सरकार का रुख स्पष्ट किया है। परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों को लेकर विपक्ष और विभिन्न संगठनों द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की जा रही है। इस तनावपूर्ण माहौल में एक विशेष साक्षात्कार के दौरान जब केंद्रीय मंत्री से पूछा गया कि यदि आज भाजपा विपक्ष में होती, तो क्या वह भी शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगती? इस पर एक इंटरव्यू में रिजिजू ने जवाब देते हुए कहा कि व्यवस्था को समझने में एक बुनियादी फर्क है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी घोटाले या धोखाधड़ी में सीधे तौर पर मंत्री या उनके निजी स्टाफ की संलिप्तता होती है, तो निश्चित रूप से उसकी जिम्मेदारी मंत्री की बनती है। परंतु, जब किसी स्वायत्त संस्था के भीतर कोई तकनीकी या प्रशासनिक समस्या उत्पन्न होती है, तो उसके लिए वह संस्था ही सीधे तौर पर जवाबदेह होती है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सीबीएसई और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) जैसी संस्थाएं पूरी तरह से स्वायत्त हैं और इनके दैनिक कामकाज या निगरानी में शिक्षा मंत्री का सीधा हस्तक्षेप नहीं होता है। उन्होंने पिछले एक दशक से अधिक समय का हवाला देते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में मौजूदा सरकार के किसी भी मंत्री पर रिश्वतखोरी, कमीशन लेने या सरकारी तंत्र के साथ छेड़छाड़ करने के सीधे आरोप नहीं लगे हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब वर्तमान सत्तापक्ष विपक्ष में हुआ करता था, तब तत्कालीन सरकार के मंत्रियों के खिलाफ हर महीने बड़े घोटाले सामने आते थे। इसलिए कांग्रेस और वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली के बीच के इस बड़े अंतर को जनता को समझना चाहिए। इसी दौरान, हाल ही में उभरे राजनीतिक संगठन कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) से जुड़े सवालों पर भी रिजिजू ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के तहत किसी को भी नया राजनीतिक दल बनाने का पूरा अधिकार है, परंतु किसी को भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजाक बनाने या उसे कमजोर करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह नया संगठन केवल कांग्रेस के वोट बैंक के लिए चुनौती पेश कर रहा है, इसलिए इस पर चिंता करने की जरूरत भाजपा को नहीं बल्कि कांग्रेस को है। दूसरी तरफ, इस पूरे मुद्दे को लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ एक बड़े और व्यापक देशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली है।

#### 17 जून से सड़का पर उतरेगी कांग्रेस

कांग्रेस आगामी 17 जून से पेपर लीक, परीक्षाओं में विफलता और बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरने जा रही है। इस देशव्यापी अभियान की कमान स्वयं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संभालेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, राहुल गांधी 17 जून को राजस्थान के कोटा में आयोजित एक विशाल छात्र सम्मेलन के जरिए इस आंदोलन की शुरुआत करेंगे। इसके बाद वे 10 जुलाई को इलाहाबाद (प्रयागराज), 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को देश की राजधानी दिल्ली में बड़े छात्र सम्मेलनों को संबोधित कर सरकार को घेरेंगे।

## आरएसएस प्रमुख भागवत जाएंगे अमेरिका-ब्रिटेन, यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के चीफ मोहन भागवत अगले दो महीनों के अंदर अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा पर जा सकते हैं। इस दौरान वह भारतीय मूल के लोगों और कई सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यह दौरा संघ के शताब्दी वर्ष के जश्न और वैश्विक स्तर पर संगठन के विस्तार का हिस्सा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भागवत की यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कुछ कार्यक्रमों का आयोजन हिंदू स्वयंसेवक संघ (एचएसएस) द्वारा भी किया जाएगा, जो आरएसएस इंटरनेशनल विस्तार है। रिपोर्ट के मुताबिक आरएसएस इस समय अपने 100वें वर्ष के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। संगठन देश और विदेश में भारतीय समुदाय के साथ संवाद बढ़ाने पर जोर दे रहा है। इस कड़ी में मोहन भागवत का अमेरिका और ब्रिटेन दौरा अहम माना जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती स्तर पर न्यूयॉर्क में कार्यक्रम की भी योजना बनाई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि भागवत वहां भारतीय समुदाय को संबोधित कर सकते हैं। हालांकि कार्यक्रमों की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। बता दें मोहन भागवत इससे पहले वर्ष 2016 में ब्रिटेन गए थे। उस दौरान उन्होंने हिंदू स्वयंसेवक संघ के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। एचएसएस विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, सेवा कार्यों और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने का काम करता है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब इंटरनेशनल स्तर पर कई भू-राजनीतिक चुनौतियां बनी हुई हैं। भारतीय प्रवासी समुदाय के बीच भारत और भारतीय संस्कृति को लेकर संवाद बढ़ाने को भी इस दौरे का प्रमुख उद्देश्य माना जा रहा है।



## केरल सीएम का आदेश: संघ के कार्यक्रम में शामिल कुलपति माफी मांगें



### -पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गहरी चिंता जाहिर की

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के मुख्यमंत्री वी.डी.सतीशन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में तीन कुलपतियों के शामिल होने पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने इन कुलपतियों से सार्वजनिक माफी की मांग कर कहा कि उनका यह कृत्य उनके पद की गरिमा और केरल की स्थापित शैक्षिक परंपराओं के बिल्कुल विपरीत है। यह घटना तिरुवनंतपुरम में आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा संबोधित कार्यक्रम में हुई, जिसमें केरल, एमजी और मलयालम विश्वविद्यालयों के कुलपति मौजूद थे।

मुख्यमंत्री सतीशन ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से भागीदारी को गंभीर चूक करार दिया। उन्होंने कहा कि केरल का समाज कुलपति जैसे सम्मानित पद का बहुत आदर करता है, और अति-सांप्रदायिक विचारों के प्रचारक आरएसएस नेता के कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति से पद की गरिमा धूमिल हुई है। सतीशन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाली किसी भी गतिविधि को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और तीनों कुलपतियों को अविलंब केरल की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

इस मुद्दे पर विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुलपतियों की यह भागीदारी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संघ परिवार के प्रभाव को बढ़ाने के प्रयासों का स्पष्ट संकेत है। पूर्व सीएम विजयन ने कहा कि यह घटना धर्मनिरपेक्ष केरल के लिए बेहद गंभीर मामला है, क्योंकि विश्वविद्यालयों में संघ परिवार के एजेंडे को लागू करने की कोशिशों को लेकर पहले से आशंकाएं जाहिर की गई थीं। कुलपतियों की इस उपस्थिति ने इन चिंताओं को और अधिक बल दिया है, जिससे यह साफ होता है कि आरएसएस किस तरह उच्च शिक्षा संस्थानों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। यह घटना केरल के राजनीतिक और शैक्षिक गलियारों में गरमागरम बहस का विषय बन गई है, जिसमें राज्य के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

## तृणमूल कांग्रेस में बगावत के बीच शत्रुघ्न सिन्हा को लेकर सस्पेंस

### बागी सांसदों के पत्र और दावों के बीच अभिनेता ने दी सफाई



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में मचे आंतरिक घमासान के बीच एक बेहद चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है। रविवार को सांसद काकोली घोष दस्तीदार की अगुवाई में तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और औपचारिक रूप से सूचित किया कि वे 'नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय करना चाहते हैं। बागियों ने लोकसभा अध्यक्ष से संसद के भीतर अपने गुट के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की है। हालांकि, लोकसभा स्पीकर को पत्र सौंपने के दौरान सामने आई तस्वीरों ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है, क्योंकि वहां टीएमसी के केवल 17 बागी सांसद ही मौजूद दिखाई दे रहे हैं, जबकि काकोली घोष का दावा है कि उन्होंने कुल 20 बागी सांसदों के हस्ताक्षर वाला आधिकारिक पत्र सौंपा है। इस संख्या बल के विवाद के बीच ही एनसीपीआई के एक सोशल मीडिया कदम ने राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है। एनसीपीआई ने अपने ऑफिशियल फेसबुक अकाउंट से आसनसोल के सांसद और दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की तस्वीर साझा करते हुए उनके पार्टी में शामिल होने पर खुशी जताई। पार्टी ने अपने पोस्ट में लिखा कि नेशनल सिटिज़न्स पार्टी ऑफ़ इंडिया के परिवार में एक जाने-माने जननेता का हार्दिक स्वागत है। हमें पूरा विश्वास है कि आपका लंबा राजनीतिक अनुभव, जनसंपर्क और लोगों के प्रति प्रतिबद्धता हमारे संगठन को और मजबूत तथा समृद्ध बनाएगी। देश और जनता की भलाई के लिए मिलकर काम करते हुए, हम न्याय, समानता, पारदर्शिता और विकास वाला एक नया भारत बनाएंगे। इस पोस्ट के सामने आते ही यह बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ कि क्या शत्रुघ्न सिन्हा का भी मूड बदल चुका है और वह गुपचुप तरीके से बागी सांसदों के खेमे में शामिल होकर नई पार्टी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, इन तमाम कयासों और अटकलों पर खुद शत्रुघ्न सिन्हा ने पूर्ण विराम लगा दिया है। उन्होंने बेहद कड़े और स्पष्ट शब्दों में एलान किया है कि वह किसी भी परिस्थिति में अपनी पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी का साथ नहीं छोड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर में ममता बनर्जी उनके साथ मजबूती से खड़ी थीं, इसलिए आज उनका यह नैतिक दायित्व बनता है कि वह भी संकट के इस समय में अपनी नेता के साथ पूरी ताकत से खड़े रहें। बागी सांसदों की सूची में अपना नाम उछाले जाने की कोशिशों को सिरे से खारिज करते हुए शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि उनका रुख बिल्कुल साफ है और वह अपना तीन लाइन का व्हिप जारी करते हुए घोषणा करते हैं कि वह तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी के साथ थे, हैं और आगे भी हमेशा रहेंगे। शत्रुघ्न सिन्हा ने स्वीकार किया कि सिनेमा और राजनीति के लंबे सफर के कारण विभिन्न राजनीतिक दलों में उनके बहुत से मित्र हैं, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं निकाला जाना चाहिए कि वह अपनी निष्ठा बदल रहे हैं। उन्होंने बागी सांसदों पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग केंद्रीय जांच एजेंसियों के दबाव, डर या किसी बड़े प्रलोभन के कारण अपना रास्ता बदल सकते हैं, लेकिन वह अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने अपनी आसनसोल की जीत का पूरा श्रेय ममता बनर्जी, टीएमसी के कार्यकर्ताओं और वहां की जनता को दिया। सिन्हा ने खुलासा किया कि उन्हें भी बागी गुट में शामिल होने का निमंत्रण मिला था, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया और वह भविष्य में भी ममता बनर्जी के सिपाही बने रहेंगे।

## झारखंड राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस की बढ़ी चिंता, विधायकों को एकजुट रखने की चुनौती

रांची (एजेंसी)। झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करना आसान नहीं दिख रहा है। एक ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बैजनाथ राम मैदान में हैं, वहीं कांग्रेस ने प्रणव झा को प्रत्याशी बनाया है। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। राजनीतिक गलियारों में सबसे बड़ी चर्चा संभावित क्रॉस वोटिंग को लेकर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेतृत्व अपने विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश में जुटे हैं। गठबंधन को आशंका है कि कुछ विधायक मतदान के दौरान अलग रुख अपना सकते हैं, जिससे चुनावी गणित प्रभावित हो सकता है। परिमल नाथवानी को भारतीय जनता पार्टी का समर्थन प्राप्त है और वे लगातार विभिन्न विधायकों से संपर्क साध रहे हैं। उनके मैदान में उतरने से कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के लिए मुकाबला और कठिन हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्यसभा की दूसरी सीट पर सबसे दिलचस्प संघर्ष देखने को मिल सकता है। हालांकि इंडिया गठबंधन को वामपंथी विधायकों के समर्थन से कुछ राहत मिली है, लेकिन चुनावी समीकरण अब भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में राज्यसभा चुनाव केवल संख्या बल का नहीं, बल्कि रणनीति और वोट प्रबंधन की परीक्षा बन गया है। मतदान के दिन सभी दलों की नजर अपने-अपने विधायकों की एकजुटता पर रहेगी।

## संदीप पाठक जैसे नेता ने आप का साथ छोड़ दिया, पार्टी नेतृत्व भी हैरान

### संजय सिंह बोले- संगठन के साथ दिल्ली-पंजाब की बड़ी जिम्मेदारी पाठक को दी थी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी राघव चड्ढा बगावत कांड को अब तक समझ नहीं पाई है। पार्टी नेतृत्व अब भी हैरान है कि आखिर कैसे संदीप पाठक जैसे नेता ने साथ छोड़ दिया, जिन्हें संगठन में इतनी अहम जिम्मेदारी दी थी। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने स्वीकार किया है कि उन्हें या पार्टी में किसी को इस बात का अहसास नहीं था कि संदीप पाठक ऐसा कदम उठा सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक पॉडकास्ट में तेजतर्रार नेता और आप सांसद संजय सिंह ने राघव चड्ढा के समेत सात सांसदों के पार्टी छोड़ने पर ज्यादा कुछ नहीं कहा लेकिन संदीप पाठक को लेकर बेहद हैरान नजर आए। उन्होंने अशोक मित्तल समेत कुछ राज्यसभा सांसदों को डराने और दबाव डालकर तोड़ने का आरोप लगाया है। संजय सिंह ने मरने दम तक उनके बीजेपी में ना जाने का दावा करते हुए राघव चड्ढा वाली बगावत पर जवाब दिया, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर आदमी एक ही हौसले का होगा। अशोक मित्तल पर छापा पड़ा ईडी का, तीन दिन तक चलता रहा। उसके बेटे को प्रताड़ित किया गया, दबाव बनाया गया। चिट्ठी सामने रख दी गई साइन कर यदि बेटे को बचाना है तो। उनको डराया धमकाया गया, साइन करा लिया गया।

राघव चड्ढा और आप के बीच दरार काफी बढ़ गई थी और बगावत से एक महीने पहले जब उन्हें राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाया गया था तभी यह साफ हो गया था कि राहें अब अलग होने वाली हैं। हालांकि, अचानक उनके साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखे राघव चड्ढा को लेकर सभी लोग हैरान रह गए थे। संजय सिंह ने खुद को भी इसी आश्चर्च में बताया। पाठक को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने कहा, संदीप पाठक क्यों गए वही बता सकते हैं। मुझे भी आश्चर्य हुआ संदीप पाठक के जाने से अफसोस हुआ।

संदीप पाठक को रोकने के सवाल पर संजय सिंह ने कहा कि इसकी भनक ही नहीं लगी। उन्होंने कहा कि रोकने की कोशिश तब होगी जब मैं जानूं कि आप जा रहे हो, या आपके मन में कुछ ऐसा है कि पार्टी छोड़ सकते हो। यह पूरी ईमानदारी से बता रहा हूं, इसमें कोई राजनीतिक चालबाजी नहीं कर रहा हूं। सीधे-सीधे बता रहा हूं कि कभी कोई एहसास भी नहीं हुआ तनिक भी कि ये पार्टी छोड़ सकते हैं। संदीप पाठक को नजरअंदाज किए जाने के सवाल पर सांसद सिंह ने कहा कि यह तो गलत बात है, संगठन के निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी संदीप पाठक को दी गई थी। पंजाब और दिल्ली में जिम्मेदारी दी गई, राज्यसभा में दी गई। यह तो गलत है कि उनकी उपेक्षा हो रही थी। ऐसा नहीं था।

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

### -19 जून तक जारी रहेगा राहत का सिलसिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के निवासियों को सोमवार सुबह भीषण गर्मी और उमस से उस समय बड़ी राहत मिली जब आसमान में घने बादल छा गए और कई इलाकों में झमाझम बारिश दर्ज की गई। इस अचानक हुई बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई है और मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया है। मौसम विभाग और मौसम विशेषज्ञों ने पहले ही उत्तर-पश्चिम भारत में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के प्रभाव से बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई थी, जिसका असर अब धरातल पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। सुबह-सुबह हुई इस बारिश ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों को चिपचिपी गर्मी से बड़ी राहत पहुंचाई है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से दिल्ली समेत पूरे उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी विक्षोभ के साथ-साथ बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नमी युक्त हवाओं का असर देखा जा रहा है। इन दोनों मौसमी प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव के कारण दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में भी व्यापक वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान कई मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में हवा की गति 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई, जिससे जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल यह पश्चिमी विक्षोभ उत्तर हरियाणा के ऊपर स्थित है और धीरे-धीरे आगे की ओर बढ़ रहा है। हालांकि इसके आगे बढ़ने से आने वाले समय में बारिश की तीव्रता में कुछ कमी आने की संभावना जरूर है, लेकिन उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। वर्तमान स्थिति को देखते हुए मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि राजस्थान के कई हिस्सों में धूल भरी तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है। ताजा पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत में 19 जून तक मौसम का यह मिजाज बरकरार रहेगा और बारिश के साथ तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा। पहाड़ी क्षेत्रों की बात करें तो जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में 13 से 19 जून के बीच रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है, जबकि हिमाचल प्रदेश में 14 से 19 जून तक लगातार वर्षा की गतिविधियां देखी जा सकती हैं। इसके साथ ही मैदानी क्षेत्रों में हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी 19 जून तक छिटपुट से लेकर मध्यम स्तर की बारिश होने की पूरी संभावना जताई गई है।

## राजद के कुनबे पर मंडराया टूट का संकट: क्या बिखरेंगे ताश के पत्तों की तरह?

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों के सत्ताधारी दल से संपर्क में होने की अटकलें लगातार लगाती रहती हैं। राज्यसभा या विधान परिषद चुनावों से लेकर अविश्वास प्रस्तावों तक, अक्सर राजद और उसके सहयोगी दलों के कुछ विधायक अनुपस्थित रहकर या पाला बदलकर इन चर्चाओं को हवा देते हैं। बीते दिनों अविश्वास प्रस्ताव के दौरान चेतन आनंद, प्रहलाद यादव और नीलम देवी की अनुपस्थिति ने सवाल खड़े किए थे, वहीं राज्यसभा चुनाव में राजद के फैसल रहमान और कांग्रेस के तीन विधायकों की गैरमौजूदगी ने इन अटकलों को पुख्ता कर दिया। अब फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान पार्षद जीवन कुमार ने इन चर्चाओं को हवा देकर विपक्षी गुट में हलचल मचा दी है।

भाजपा रणनीतिकारों के निशाने पर कई राजद विधायक हैं। इसमें ढाका विधानसभा सीट से राजद नेता फैसल रहमान का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के पवन कुमार जायसवाल को मामूली अंतर से हराया था। सूत्रों के अनुसार, फैसल राजद से नाराज चल रहे हैं और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के संपर्क में भी हैं। राज्यसभा चुनाव के दौरान उनकी एनडीए के प्रति वफादारी भी सार्वजनिक हो चुकी है, और माना जा रहा है कि वे सही समय का इंतजार में हैं। फैसल रहमान के साथ रहने वाले बिस्फी के विधायक आसिफ अहमद के बारे में भी चर्चाएं हैं, जिन्होंने भाजपा के हरिभूषण ठाकुर को हराया था।

इसके अतिरिक्त, वारसलीगंज विधायक अनीता महतो (अनिता कुमारी) भी भाजपा के सॉफ्ट टारगेट में हैं। अनीता की शादी अशोक महतो नामक अपराधी से हुई है, जो हाल ही में जेल से बाहर आए हैं। मुख्यमंत्री चौधरी से उनकी मुलाकात के बाद से ही पाला बदलने की अटकलें तेज हैं। गोह के विधायक अमरेंद्र कुशवाहा को लेकर भी चर्चाएं हैं, हालांकि उनकी ओर से सीधा झुकाव अभी तक नहीं दिखा है। लेकिन बदलते राजनीतिक परिदृश्य में कुशवाहा राजनीति के देखकर उनके रुख में बदलाव की संभावना से इंकार नहीं कर सकते है। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद से ही राजद विधायकों के एनडीए के संपर्क में रहने की खबरें आती रही हैं, जिन्हें समय-समय पर चिराग पासवान और रामकृपाल यादव जैसे नेताओं ने भी हवा दी है। राज्यसभा चुनाव में इसका एक ट्रेलर भी दिखा था। इस बार इन चर्चाओं को अधिक विश्वसनीय माना जा रहा है, क्योंकि देशभर में क्षेत्रीय दलों में टूट की एक लहर-सी चल पड़ी है। पश्चिम बंगाल में 15 साल से सत्ता पर काबिज रही तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जिस तरह बिखरी है, या महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना में टूट के संकेत मिल रहे हैं, उससे राजद के बारे में चल रही अटकलों को और बल मिलता है। आम आदमी पार्टी के दो राज्यसभा सांसदों का भाजपा में जाना, फिर टीएमसी में टूट और अब शिवसेना (यूबीटी) में बिखराव के संकेतों को देखकर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि बिहार में राजद में भी टूट होती है, तब यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। जानकार मानते हैं कि क्षेत्रीय दलों में पड़ रही यह दरारें राजद के लिए भी एक बड़ा संकट पैदा कर रही हैं।

# जहरीले तालाब पर प्रशासन का शिकंजारू सैकड़ों मछलियों की मौत के बाद पानी के उपयोग पर रोक

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा उपखंड क्षेत्र की बेरा ग्राम पंचायत के जसवंतपुरा गांव का धर्म तालाब इन दिनों गंभीर पर्यावरणीय संकट का केंद्र बन गया है। तालाब के दूषित पानी ने जहां सैकड़ों जलीय जीवों और मछलियों की जान ले ली, वहीं अब प्रशासन ने भी जांच रिपोर्ट के बाद तालाब के पानी के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगा दी है। गांव में माइक से घोषणा कर लोगों को तालाब के पानी से दूर रहने और अपने पशुओं को भी यह पानी नहीं पिलाने की हिदायत दी जा रही है।

इस गांव में पिछले करीब पंद्रह दिनों से तालाब में लगातार मछलियों और अन्य जलीय जीवों के मरने की घटनाएं सामने आ रही थीं। तालाब की सतह पर तैरती मृत मछलियां और उनसे उठती दुर्गंध ने ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया था। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि गांव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के साथ-साथ धार्मिक गतिविधियों में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। तालाब की पाल पर स्थित धार्मिक







स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी बदबू और दूषित वातावरण से दो-चार होना पड़ा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जसवंतपुरा की एएनएम मल्ला मीणा ने पहल करते हुए बनेड़ा के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित सूचना भेजी। उन्होंने तालाब में जलीय जीवों के असामान्य रूप से मरने की जानकारी देते हुए पानी के नमूने जांच के लिए भेजने का आग्रह किया। इसके बाद चिकित्सा विभाग सक्रिय हुआ और धर्म तालाब से पानी के नमूने लेकर जिला मुख्यालय स्थित प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए।

जांच रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और भी चिंताजनक साबित हुई। पीएचईडी विभाग के वरिष्ठ रसायनज्ञ द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया कि तालाब का पानी पीने योग्य नहीं है। रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तालाब के पानी के उपयोग पर रोक लगा दी। उपखंड अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत को चेतावनी बोर्ड लगाने तथा ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद पंचायत प्रशासन ने तालाब के आसपास चेतावनी बोर्ड लगाए और गांव में माइक के माध्यम से घोषणा कर लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी इस पानी का उपयोग न करें और अपने गाय, बैल, भैंस, बकरी सहित अन्य पालतू पशुओं को भी यह पानी न पिलाएं। प्रशासन को आशंका है कि दूषित पानी का उपयोग करने से मनुष्यों और पशुओं के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच ग्रामीणों ने भी जिम्मेदारी का परिचय दिया। तालाब में बड़ी संख्या में मछलियों के मरने से फैल रही दुर्गंध को देखते हुए ग्रामीणों ने जनसहयोग से राशि एकत्रित की। इसके बाद मृत मछलियों को तालाब किनारे से हटाकर जंगल क्षेत्र में गहरे गड्ढों में दफन कराया गया ताकि संक्रमण और दुर्गंध का खतरा कम किया जा सके।

ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के समीप स्थित देवनारायण मंदिर के पास लगे हैंडपंप से पूरे गांव के लोग पानी भरकर ले जाते थे। लेकिन तालाब में सैकड़ों मछलियों की मौत के बाद लोगों में भय का माहौल है और एहतियातन अधिकांश ग्रामीणों ने हैंडपंप का पानी भी लेना बंद कर दिया है। उन्हें आशंका है कि कहीं दूषित जल का प्रभाव भूजल स्रोतों तक न पहुंच गया हो।

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले के लिए बेरा क्षेत्र के पास संचालित एक फैक्ट्री को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि फैक्ट्री से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट और केमिकल खुले में छोड़े जाने के कारण तालाब का पानी जहरीला हुआ है। ग्रामीणों का दावा है कि पूर्व में भी फैक्ट्री प्रबंधन को केमिकल युक्त पानी खुले क्षेत्र में छोड़ते हुए पकड़ा गया था, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

अब जब सैकड़ों जलीय जीवों की मौत हो चुकी है और पूरा तालाब प्रदूषण की चपेट में आ गया है, तब ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और तालाब को प्रदूषित करने वाले दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और तालाब को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे बड़े जनआंदोलन के लिए मजबूर होंगे। जसवंतपुरा का यह मामला अब केवल मछलियों की मौत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और प्रशासनिक जवाबदेही का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है।

## तैयारियों को अंतिम रूपः आज उदयपुर में मनेगा हल्दीघाटी विजयोत्सव

### सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का रहेगा मुख्य आतिथ्य




स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष (सार्द्ध चतुःशती) पूर्ण होने के ऐतिहासिक और गौरवमयी अवसर पर आज 17 जून को उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउंड) में आयोजित होने वाले 'हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुःशती समारोह' की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस महाआयोजन में हिस्सा लेने के लिए संपूर्ण चित्तौड़गढ़ विभाग में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है और आज प्रातः काल से ही देशभक्त नागरिकों, युवाओं, पूज्य संतों और मातृशक्ति का उदयपुर के लिए प्र-स्थान शुरू हो चुका है।

**वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्देशन में व्यवस्थाएं चाक-चौबंदः**

कार्यक्रम के विभाग संयोजक विश्वनाथ 'पप्सा' टांक ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक हेमंत जैन और विभाग कार्यवाह भूरालाल के कुशल निर्देशन में पिछले कई दिनों से चल रहा बैठकों, जनसंपर्क और समन्वय का दौर मंगलवार को अंतिम बैठकों के साथ संपन्न हुआ। समाज के हर आम और खास नागरिक, पूज्य संतों और प्रबुद्धजनों को आत्मीय निमंत्रण देने के बाद आज विभाग भर से राष्ट्रभक्तों का हुजूम उदयपुर की ओर बढ़ रहा है।

**विभाग से 4000 लोग, 59 बसों और 300 छोटे वाहनों का विशाल काफिलाः**

विभाग संयोजक विश्वनाथ पप्सा टांक ने बताया कि पूरे चित्तौड़गढ़ विभाग से कुल करीब 4000 की संख्या में लोग इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनने उदयपुर पहुंच रहे हैं। सांगठनिक योजना के अनुसार वाहनों के काफिले रवाना किए गए हैंः चित्तौड़गढ़ जिलाः यहाँ से 13 बसों और 150 छोटे वाहनों के माध्यम से कुल करीब 1200 लोग रवाना हुए हैं।

प्रतापगढ़ जिलाः प्रतापगढ़ से सर्वाधिक उत्साह दिखाते हुए 30 बसों और 60 छोटे वाहनों के काफिले से करीब 1600 लोग प्र-स्थान कर चुके हैं।

निम्बाहेड़ा क्षेत्रः निम्बाहेड़ा से 16 बसों और 90 छोटे वाहनों के जरिए करीब 1200 लोग उदयपुर पहुंच रहे हैं। इस विशाल काफिले में विभाग के प्रमुख संत, प्रबुद्ध नागरिक, विभिन्न व्यापारिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी शामिल हैं।

**परम पूजनीय सरसंघचालक जी का मिलेगा पाथेयः**

आज प्रातः 09:30 बजे से उदयपुर के गांधी ग्राउंड में शुरू होने वाले इस राष्ट्र-चेतना के महासंगम के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सरसंघचालक माननीय श्री मोहनराव भागवत जी होंगे। सरसंघचालक जी का ओजस्वी पाथेय (उद्बोधन) संपूर्ण समाज में राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और मेवाड़ के गौरवमयी इतिहास की ऊर्जा का संचार करेगा। विभिन्न खंडों और बस्तियों से रवाना हुए सभी वाहनों की सुरक्षा, मार्ग व्यवस्था और समन्वय के लिए स्वयंसेवकों की टोलियां पूरी सजगता के साथ हाईवे और मार्ग में तैनात हैं।

## आवासीय मकान से ढाई फीट लंबे कैट स्नैक का रेस्क्यू

**चित्तौड़गढ़।** शहर के प्रताप नगर इलाके में मंगलवार प्रातः 06 बजे विश्वनाथ कॉलोनी निवासी मुकेश शर्मा को अपने मकान के बाथरूम के बारसोद में एक सांप दिखाई देने से पूरे परिवार में भय व्याप्त हो गया। परिवार ने वन्यजीवों के प्रति जागरूकता दिखाते हुए इसकी सूचना तुरंत वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण समिति को दी गई।

सूचना पर समिति सदस्य मुबारिक खान मौके पर पहुंचे तो वहां कैट प्रजाति का सांप नज़र आया जो कि चित्तौड़गढ़ शहर के लिए दुर्लभ और अनोखा सांप है। सर्प प्रेमी मुबारिक खान के बताया कि वन्यजीव के क्षेत्र में यह एक बड़ी और अभूतपूर्व सफलता मानी



जा रही है, क्योंकि चित्तौड़गढ़ में दूसरी बार इस कैट स्नेक को रेस्क्यू किया गया है। पहली बार करीब छह साल पहले उपलापाडा निवासी मुकेश समदानी के घर रात्रि 02 बजे यह सांप मनीष तिवारी और निखिल वानखेड़े द्वारा रेस्क्यू किया गया था। मुबारिक खान ने सांप की दुर्लभ प्रजाति को पहचानते हुए बिना समय गंवाए अत्यधिक सावधानी, सूझबूझ और कुशलता के साथ उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया।

## बिजयनगर व आसपास के क्षेत्र में तेज बारिश, शहर की सड़के बनी दरिया





### नालों में गन्दगी के अम्बार से सड़कों पर भरा बारिश का पानी

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर ( ब्यावर )।** मानसून से पहले बिजयनगर शहर व शहर के आसपास के क्षेत्र में तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ तेज बारिश के चलते बिजयनगर शहर की सड़के दरिया बन गई।

बिजयनगर में जगह जगह बरसात का पानी भर गया जिसके चलने आमजन के लिए आफत की बरसात बनी। कृषि मंडी चौराहा , ब्यावर रोड़ पुराने रोड़वेज बस स्टैण्ड़ , बापू बाजार , मील चौक सहित अन्य जगह बरसात का पानी भर गया चारों तरफ पानी पानी हो गया बापू बाजार में कई दुकानों के अन्दर बरसात का पानी घुस गया। पालिका प्रशासन द्वारा नालो की सफाई व पानी की निकासी की व्यवस्था सही नही करने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया है ओर सड़के दरिया बनती नजर आई।

मुनिम कॉलोनी के बाहर कृषि मंडी चौराहे सहित पालिका क्षेत्र में अन्य जगह पर नालो में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है।

बरसात के चलते विगत दिनों से लगातार पड रही गर्मी उमस से जरूर आमजन को राहत मिली है ओर तापमान में गिरवाट आई है।

## केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के जन्मदिवस पर सेवा कार्य एवं पौधारोपण

स्मार्ट हलचल

**बिजयनगर।** केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री व अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा मण्डल बिजयनगर द्वारा मसूदा विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत के नेतृत मे जनसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर राजकीय चिकित्सालय बिजयनगर में मरीजों को फल वितरित किए गए तथा विश्वकर्मा मंदिर के सामने गार्डन में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर मसूदा विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत ने कहा कि सेवा कार्यों के माध्यम से जन्मदिवस मनाना समाज के प्रति सकारात्मक सोच का परिचायक है। कार्यक्रम के दौरान अधिक से



अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित कुमार मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन शर्मा, श्ङ्क्ष मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कैलाश गुर्जर, स्ष्ट मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जेदिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष मदनगोपाल बाल्दी, मिट्ठूलाल रांका, नोरत मल लोढा मण्डल प्रभारी जगदेव सिंह राठौड, सतीश ओझा, हितेश मेवाडा, ज्ञानचन्द प्रजापत, महेन्द्र पंवार, अमित लोढा, मुकुन्द सिंह राठौड, मनीष वैष्णव, खेमराज गुर्जर शिवप्रसाद वैष्णव, मोहित गोखरू, महेश रांका, गोपाल रावत, घनश्याम शर्मा लक्ष्मीनारायण छीपा, मनीष लुणावत, हिमांशु कटारा, चन्द्रप्रकाश बैरवा, सुनिल बैरवा, अशोक अग्रवाल, रामलाल जागिड चंदन सिंह राठौड, सोनू भाटी, अशोक आलोरिया, सुरेश जागिड, महिला मोर्चा देवकी तोलाणी, प्रियंका शर्मा किरण चौहान अमित अबाणी, सदीक मोहम्मद, सुशिल, राजकुमार जोशी, महेन्द्र नाथ, आयुष, वीरचन्द जैन सुरेश जागिड नन्दराम जागिड गौरव आगीवाल मोनू जागिड मुकेश नायक ओमप्रकाश नायक सीताराम शर्मा मनमोहन सिंह राजू साहू ओमप्रकाश जागिड गोपीनाथ आदि भाजपा कार्यकृता व गणमान्य नागरीक मौजूद थे।

## लाडपुरा में बारिश के साथ ही खरीफ की बुवाई में जुटे किसान, खेतों में खाद-बीज डालना किया शुरू

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** क्षेत्र में रविवार रात अचानक तेज हवाओं के साथ आई आंधी और बारिश ने जहां एक ओर ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कस्बे के साथ ही डामटी, खोखरा, भारिण्डा, बावड़ी खेड़ा, चित्तौडीया, अमरतिया, फूलजी की खेड़ी, श्यामगढ़, टहला, चैनपुरिया, तथा कस्बे के पदमपुरा, रामथली, खगार जी का खेड़ा, सोपुरा मजरा गोविन्दपुरा, सरिया, सारणा, सहित गांवों में अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। बारिश होने से गर्मी से राहत मिली। तीसरे दिन भी दिन रात के तापमान में गिरावट के बावजूद दोपहर बाद तक उमसभरी चिपचिपाहट के चलते पसीने से तरबतर दिखे। शाम बाद आसमां बादलों की आगोश में सिमट गया। दिनभर की उमस और तपिश के बाद देर रात गांवों में आसमां से बरसी राहत की बूंदों से लोगों को



राहत मिली। रात भर रुक-रूक कर हल्की बूंदाबांदी एवं मध्यम बारिश का सिलसिला बना रहा। वहीं डामटी खोखरा बांध में पानी की आवक भी शुरू हो गई। इससे पूर्व दिनभर लोग उमस भरी गर्मी से आहत नजर आये। शाम होते-होते करीब साढ़े सात बजे हवाओं के साथ शुरू हुआ बूंदाबांदी का दौर तेज बरसात में तब्दील हो गया।

बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे और वह इन दिनों कृषि कार्य में जुट गए। मानसून से पूर्व किसानों ने खेतों को जोतकर तैयार कर रखे थे। खेतों में गोबर के खाद के जगह-जगह ढेर लगा दिए थे। उन्हें बारिश का ही इंतजार था। प्री मानसून के बारिश के साथ ही किसान खेतों पर कृषि कार्य में जुट गए। गांवों में जहां भी बारिश अच्छी हुई है वहीं किसान खेतों में बुवाई में जुट गए है। खाद और बीज के लिए कि किसानों की गांव की दुकानों पर इन दिनों भारी भीड़ दिखने लगी है। आस-पास के गांवों से किसान बाइक लेकर गांव में खाद बीज लेने आ रहे है। बारिश के बाद अब किसान खेतों में बुवाई करने में जुट गए हैं। मौसम विभाग की ओर से 15 जून से प्री मानसून के संकेत से किसान खेतों में उतर गए और दो-तीन दिन से हल्की-फुल्की बारिश होने से खेतों में बुवाई करने में लग गए। मंगलवार को खेतों में बैलों व ट्रेक्टर से बुवाई करने में किसान जुट गए। काश्तकारों का कहना है कि बारिश से जमीन में नमी आ जाने से फसल की बुवाई करने में काफी लाभ मिलेगा। किसानों ने खरीफ की फसल मक्का, मूंगफली, ज्वार, बाजरे, सोयाबिन, उड़द की बुवाई प्रारम्भ की। कृषि कार्य को लेकर किसान इन दिनों बहुत व्यस्त नजर आ रहे हैं। किसानों का खेती के लिए पूरा परिवार जुटा दिखाई दे रहा है।

## नो फ्लाई जोन घोषित

उदयपुर

महाराणा प्रताप जयंती और हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुःशती समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरव अग्रवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर विशिष्ट क्षेत्रों को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश 16 जून 2026 को सायं 6 बजे से लागू होकर 17 जून 2026 को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। आदेश के अनुसार प्रताप गौरव केन्द्र और उसके आस-पास का क्षेत्र तथा महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउण्ड) और उसके आस-पास के क्षेत्र में किसी भी प्रकार के यूएवी, ड्रोन और हॉट एयर बैलून की उड़ान पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। आदेश का उल्लंघन या अवहेलना करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## बांनवाड़ा टोल का बैरियर तोड़कर भागे थे लुटेरे, बिजयनगर पुलिस ने कार और आभूषण किए बरामद

### मसूदा रोड पर व्यापारी से लूट और अपहरण मामले में पुलिस की बड़ी कामयाबी, चारों आरोपियों की पहचान

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** बिजयनगर थाना क्षेत्र के मसूदा रोड पर व्यापारी रतन गुर्जर के साथ हुई मारपीट, लूट और अपहरण की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने चंद घंटों में ही पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वारदात में प्रयुक्त बिना नंबरी सफेद स्विफ्ट कार को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही पीड़ित के लूटे गए आभूषण, कार से दो आरटीओ अप्रूव्ड नंबर प्लेट ('छ्व 45 छ्रु 6754) और असली आरसी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने वारदात में शामिल चारों शातिर बदमाशों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस के अनुसार, सुतीखेडा



निवासी अशोक कुमार गुर्जर ने थाने में रिपोर्ट दी कि उनके मामी ससुर रतनजी गुर्जर की मसूदा रोड पर 26 मील से आगे एक होटल है। 11 जून 2026 की सुबह करीब 8 बजे एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार में चार अज्ञात व्यक्ति आए। उन्होंने होटल पर चाय पी, गुटखा खरीदा और काफी देर तक वहीं बैठकर होटल की रेकी करते रहे। सुबह करीब 11 बजे मौका पाकर चारों बदमाशों ने रतन गुर्जर को दबोच लिया। उनके साथ मारपीट कर गले से सोने की पानडी और करीब 1 लाख रुपये की नकदी लूट ली। बदमाश इतने पर ही नहीं रुके, वे रतन गुर्जर को जबरन अपनी कार में डालकर अपहरण कर ले गए और बाद में रास्ते में पटककर फरार हो गए। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**टोल नाकों के फुटेज से खुला राज, बैरियर तोड़कर भागे बदमाश**

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति अनुकृति उजैनिया व वृताधिकारी (मसूदा) शिवराज सिंह के सुपरविजन में बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने एनएच 48 सहित रायला और बांदनवाड़ा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश बांदनवाड़ा टोल का बैरियर तोड़कर हाईवे से कच्चे रास्तों के जरिए जयपुर ग्रामीण के फागी थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुरा की तरफ भागे हैं।

**मालिक के घर से कार व आभूषण जब्त, आरोपी फरार**

मुखबिर और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने दबिश देकर बिना नंबरी स्विफ्ट कार को बरामद कर लिया। जांच में यह कार हेमराज रियाड (निवासी भरतपुरा, फागी) की पाई गई। कार की तलाशी लेने पर उसके अंदर से रतन गुर्जर के लूटे गए आभूषण (सोने जैसा मोती व अन्य सामान) और कार की असली नंबर प्लेट व आरसी मिल गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

**इन शातिर आरोपियों की तलाश जारीः**

पुलिस ने घटना में शामिल चारों आरोपियों की पहचान कर ली है, जो फिलहाल फरार हैंः हेमराज रियाड (निवासी भरतपुरा, फागी, जयपुर ग्रामीण),हंसराज (निवासी गडा, फागी, जयपुर ग्रामीण),दिनेश (निवासी निमेडा, फागी, जयपुर ग्रामीण),रमेश (निवासी डालनिया, फागी, जयपुर ग्रामीण)

**सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम**

इस बड़ी वारदात का त्वरित खुलासा करने में बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह, उप निरीक्षक राजेश तिवाड़ी, सउनि कैलाश चन्द, हैड कांस्टेबल विजेन्द्र, भवानीपाल सिंह, कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार, प्रेमाराम, नीरज के साथ-साथ ब्यावर की साइबर टीम और एमओबी टीम की मुख्य और सराहनीय भूमिका रही।



# एमपीएल में नॉकआउट की जंग हुई और अधिक रोमांचक, बसंत विहार और भोपालगंज की शानदार जीत

## अभिषेक टोटला और शशांक लढा बने मैच के हीरो, लीग चरण में हर मुकाबला साबित हो रहा है निर्णायक

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में आयोजित माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल 2026) के पांचवें दिवस पर मोदी ग्राउंड में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लीग चरण के मुकाबले जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे हैं, नॉकआउट में जगह बनाने की प्रतिस्पर्धा और अधिक रोमांचक होती जा रही है। मुख्य खेल प्रभारी कैलाश ईनाणी व अभिजीत सारडा ने बताया की पांचवें दिवस पर अतिथी के रूप में सीमा कोगटा, मानकंवर काबरा, मोना डाड, भारती बाहेती, निशा काकाणी, प्रिति लोहिया, दिव्या काल्या, चेतना जागेटिया, इंदिरा झंवर, वीणा मोदी, विनीता तोषनीवाल, निशा सोनी, सोनल माहेश्वरी, कल्पना सोमानी, आशा डाड, रीना डाड, अनीता सोमाणी, अमीता मून्दडा, शिव



सोडाणी, राजू शाह, संजीव सोनी, नवीन काकाणी, राजू तोषनीवाल, मनोज सारडा, नारायण लाहोटी, हरीश पोरवाल, दीपक भदादा, मनीष भदादा, दिनेश बागड़, भैरूलाल सोमानी, मुकेश जागेटिया, लक्ष्मीनारायण मून्दडा, प्रमोद कुमार मुन्दडा, दिनेश काबरा, बृजमोहन सोमाणी, लोकेश आगाल, श्रीलाल कोगटा, सत्येंद्रर बिड़ला, महावीर समदानी, देवेन्द्र सोमानी उपस्थित रहे। क्रिकेट खेल प्रभारी आदित्य मालीवाल, प्रतीक काल्या, भरत सोडानी ने बताया की एमपीएल के पांचवे दिन के पहले मुकाबले में बसंत विहार और चंद्रशेखर आजाद नगर के बीच संघर्षपूर्ण मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बसंत विहार की टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंद्रशेखर आजाद नगर की टीम बसंत विहार के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 6 विकेट खोकर केवल 79 रन ही बना पाई। इस प्रकार बसंत विहार ने 22 रन से शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में अभिषेक टोटला का अहम योगदान रहा। उन्होंने 36 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। वही दूसरे मुकाबले में भोपालगंज और पुराना शहर आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपालगंज ने 3 विकेट पर 125 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में पुराना शहर की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 विकेट पर 100 रन ही बना सकी। भोपालगंज ने यह मुकाबला 25 रन से अपने नाम कर लिया। इस मैच के नायक शशांक लढा रहे, जिन्होंने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 59 रन बनाने के साथ 5 विकेट भी झटके। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। क्रिकेट खेल प्रभारी राजेन्द्र मालू, मनोज लाठी, राजेश सोडाणी ने बताया की इससे पूर्व सोमवार देर रात खेले गए मुकाबलों में भी रोमांच की कोई कमी नहीं रही। पहले मैच में संजय कॉलोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को 8वें ओवर में ही हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की। डॉ. अंकुर जाखेटिया ने 30 रन और 1 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। दूसरे मुकाबले में पुराना शहर और संजय कॉलोनी के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुराना शहर ने 99 रन बनाए। जवाब में संजय कॉलोनी की टीम निर्धारित ओवरों में 91 रन ही बना सकी और पुराना शहर ने 8 रन से रोमांचक जीत हासिल की। प्रतीक राठी ने 32 रन बनाने के साथ 1 विकेट लेकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया और मैन ऑफ द मैच चुने गए। पांचवें दिवस के बाद अंक तालिका की स्थिति और अधिक रोचक हो गई है। सभी टीमें नॉकआउट चरण में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। क्रिकेट प्रेमियों को आगामी मुकाबलों में भी कड़े संघर्ष और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलने की उम्मीद है। एमपीएल 2026 में हर दिन नए रोमांच और शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं, जिससे यह प्रतियोगिता माहेश्वरी समाज के खेल प्रेमियों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

# ग्रामीण सेवा शिविर में प्रकरणों का निस्तारण, अतिक्रमण हटा



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** आकोला के निकटवर्ती ग्राम जीवा का खेड़ा गांव में अटल सेवा केंद्र पर राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा सिविल आयोजित किया गया। सिविल प्रभारी उपखंड अधिकारी कोटडी तानिया रिणवा ने जानकारी दी कि शिविर के दौरान नामांतरण के 23 सीमा ज्ञान के आठ शुद्धिकरण के पांच तथा जाती वह मूल निवास के 12 प्रकरणो का निस्तारण किया गया। इसी दौरान जीव का खेड़ा में रास्ते पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के तहत पट्टे वितरित किए गए। इस अवसर पर कोटडी तहसीलदार श्री लाल मीणा, नायब तहसीलदार बडलियास मदनलाल शर्मा गिरदावर कृष्ण गोपाल पटवारी अमित बिश्नोई, शोभा लाल जाट और जीएसएस व्यवस्थापक प्रधान जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनएसयूआई पूर्व जिलाध्यक्ष महाविद्यालय से निलंबित

स्मार्ट हलचल |चित्तौड़गढ़

शुक्रवार के दिन महाविद्यालय में हुए घटनाक्रम को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लगातार प्रदर्शन किया गया जिसके चलते अनुशासन समिति द्वारा एनएसयूआई पूर्व जिलाध्यक्ष को निलंबित किया गया जिससे आम छात्रों में खुशी का माहौल रहा।

जिला संयोजक अदिति कंवर भाटी ने बताया की शुक्रवार के दिन महाविद्यालय के एक आम छात्र के साथ एनएसयूआई के नेता संजय राव द्वारा मारपीट की गई। विद्यार्थी परिषद को इसकी जानकारी मिलने पर शनिवार के दिन से लगातार विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी फलस्वरूप मंगलवार को महाविद्यालय अनुशासन समिति द्वारा एनएसयूआई नेता संजय राव को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा निलंबित किया गया। निलंबन के बाद महाविद्यालय के सामान्य विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। अभाविप महाविद्यालय ने प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे छात्रहित में एक सच्ची ओर अच्छी कार्रवाई बताया और छात्रों को अनुशासन का संदेश दिया।

# लक्ष्मीनाथ मंदिर दान पात्र खोला

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** आकोला के निकटवर्ती ग्राम गेगा का खेड़ा गांव में लक्ष्मीनाथ मंदिर का दान पत्र खोला गया पुजारी दिनेश जोशी ने बताया कि इस दिन भगवान लक्ष्मीनाथ का दान पत्र खोला गया जिसमें 1 लाख 94 हजार 200 रुपए की राशि प्राप्त हुई। दान पत्र खुलने के दौरान भंवरलाल तिवाड़ी, बंसीलाल पुरोहित, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, बालु लाल तिवाडी, गोपाल लाल पंचोली, भोले राम व्यास, भेरूलाल तिवाडी, सुरेश चंद्र उपाध्याय, किशन तिवाड़ी, सुनील तिवाड़ी कई लोग उपस्थित थे।

# जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समक्ष रखी गईं तीन प्रमुख मांगें

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान ग्राम पंचायत गेगा का खेड़ा के ग्रामीणों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के समक्ष क्षेत्र की तीन प्रमुख जनसमस्याएं उठाईं। ग्रामीणों ने मांग की कि गेता-पारोली मुख्य बाजार सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

इसके साथ ही ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सभी गांवों की चारागाह एवं सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा प्रत्येक गांव एवं नई आबादी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग भी रखी। ग्रामीणों का कहना है कि इन समस्याओं के कारण क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से इन जनहित से जुड़े मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इस दौरान दुर्गेश कुमार शर्मा (जन सेवक) सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नागेश्वर महादेव मंदिर में 25 हजार लीटर गंगाजल से हुआ भव्य 'सहस्त्रधारा महारुद्राभिषेक', मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** पोटला के निकट सांवलियाजी मंदिर पर भगवान नागेश्वर महादेव के पावन प्रांगण में सुख-शांति, समृद्धि और जन-कल्याण की भावना के साथ आयोजित 'सहस्त्रधारा महारुद्राभिषेक' का भव्य आयोजन हुआ। आयोजक मंडल के रामेश्वर लाल काबरा ने बताया की इस धार्मिक आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता हरिद्वार से विशेष रूप से मंगवाए गए 25 हजार लीटर पवित्र गंगाजल से भगवान महादेव का अभिषेक रहा।

'दिव्य अभिषेक और वैदिक अनुष्ठान '

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सहस्त्रधारा महारुद्राभिषेक' रहा, जिसमें हरिद्वार से लाई गई गंगा की अविरल धारा से नागेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया। जिसमें मुख्य आचार्य कालूराम शर्मा के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार से 131 पंडितों द्वारा अभिषेक करवाया गया । इन विद्वानों के कंठ से निकले वैदिक मंत्रोच्चार और



ऋचाओं के स्वर से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। इस अवसर पर चमन लोसर,हरीश ईनाणी, बृजेश पिंटू काकानी, सुनील हिरण,खेमराज लक्षकार,अंकित डागलिया, प्रहलाद झवर,रमेश कोठारी, भैरू लाल सुराणा व रामनारायण वैष्णव मुख्य यजमान रहे।इस ऐतिहासिक अनुष्ठान को देखने के लिए दूर-दराज से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। घंटों तक चले इस अनुष्ठान में भक्तों ने कतारबद्ध होकर महादेव के दर्शन किए और गंगाजल से अभिषेक का पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति के पश्चात, उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल 'भोजन प्रसादी' (भंडारे) का आयोजन किया गया।भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ प्रसादी ग्रहण की

इस दौरान पोटलां, गंगापुर, भीलवाड़ा सहाड़ा,सातलियास, दियास ,महेन्दी, टपरिया खेड़ी, सांगास ,करणजी खेड़ी सहित आस पास के गांवों से सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया।

# शहरी सेवा शिविर अभियान 2026 में पट्टे वितरण से खिले लाभार्थियों के चेहरे एक ही मंच पर मिली विभिन्न सेवाएं, नागरिकों ने की सराहना

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका बिजोलिया द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर अभियान 2026 आमजन के लिए राहत एवं सुविधा का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। सोमवार को आयोजित शिविर में सांसद दामोदर अग्रवाल एवं मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल की उपस्थिति में लाभार्थियों को फ्री होल्ड पट्टों का वितरण किया गया। वर्षों से स्वामित्व अधिकार की प्रतीक्षा कर रहे नागरिकों को पट्टे प्राप्त होने पर उनके चेहरों पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी।

शिविर में नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से



संबंधित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की गई। भूमि एवं पट्टा संबंधी प्रकरणों, भवन निर्माण स्वीकृति, जन्म-मृत्यु पंजीयन, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था तथा अन्य नागरिक समस्याओं से संबंधित आवेदनों को प्राप्त कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया गया।

इसके साथ ही राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र नागरिकों को लाभान्वित किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों ने एक ही स्थान पर अनेक सेवाओं की उपलब्धता एवं समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी श्री पंकज कुमार मंगल ने बताया कि शहरी सेवा शिविर अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमानुसार आगामी तिथियों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों तक सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिकाधिक संख्या में शिविरों में भाग लेकर उपलब्ध सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर मे 15 फ्री होल्ड पट्टों का वितरण,11 भवन निर्माण स्वीकृतियों का वितरण, 3 अन्य प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर गोपाल विजयवर्गीय सम्मानित

## हर पंचायत, रक्त पंचायत अभियान के लिए मिला सम्मान, रक्तदान बढ़ाने का किया आह्वान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 15 जून को गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, उदयपुर में आयोजित विशेष समारोह में रक्तदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विषय मानवता की एक बूंद - रक्तदान करें, जीवन बचाएं रखा गया।

मेडिकल कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समारोह में सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन, भीलवाड़ा के सचिव गोपाल विजयवर्गीय को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। विजयवर्गीय को ग्रामीण क्षेत्रों में हर पंचायत, रक्त पंचायत




अभियान के माध्यम से रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने, नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. संगीता गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरप्रीत सिंह, सीईओ ऋषि कपूर तथा पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. गीता मुखिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने गोपाल विजयवर्गीय को मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में गोपाल विजयवर्गीय ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक सेवा नहीं बल्कि मानव जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवी संगठनों और युवाओं से अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि समाज संगठित होकर इस दिशा में कार्य करे तो प्रक्त करे रोगी का इंतजारष् का संकल्प साकार हो सकता है और किसी भी जरूरतमंद मरीज को रक्त के अभाव में परेशान नहीं होना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन लगातार ग्रामीण अंचलों में रक्तदान जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित कर रहा है। संस्था का उद्देश्य प्रत्येक पंचायत को रक्तदान के प्रति जागरूक बनाना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों को शीघ्र रक्त उपलब्ध कराना है। समारोह के अंत में फाउंडेशन की ओर से गीतांजलि मेडिकल कॉलेज प्रशासन एवं ब्लड सेंटर की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही रक्तदान को जनआंदोलन बनाने और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ने का संकल्प दोहराया गया।

# प्रख्यात धर्म गुरू स्वामी गोविन्द देव गिरी प्रवचनों में देंगे जीवन प्रबंधन एवं सुखी जीवन के गुर

## भीलवाड़ा प्रवास में 18 व 19 जून को रात्रिकालीन प्रवचन एवं 19 जून को करेंगे माहेश्वरी हॉस्टल का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास मथुरा के उपाध्यक्ष विख्यात धर्म गुरू स्वामी गोविन्द देव गिरी धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार 18 व 19 जून को दो दिवसीय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पधारे रहे है। इस दौरान 18 व 19 जून को तेरापंथ नगर स्थित सभागार में रात्रिकालीन प्रवचन होंगे एवं 19 जून सुबह ए.बी.माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा द्वारा नवनिर्मित श्री प्रभुलाल जगदीशप्रसाद सोमानी माहेश्वरी हॉस्टल का शुभारंभ होगा। इस आयोजन से जुड़ी तैयारियां पूरी की जा चुकी आयोजक ए.बी.माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा के संचालक जगदीशप्रसाद,नवनीत कुमार, श्लोक सोमानी परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को स्वामी गोविन्द देव गिरी के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

ट्रस्ट के श्याम सुंदर सोमानी ने बताया कि देश में 50 से अधिक प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का मार्गदर्शन करने वाले धर्म गुरू स्वामी गोविन्द देव गिरी के भीलवाड़ा आगमन के बाद 18 जून को शाम 7 से रात 9 बजे तक एवं 19 जून को रात 8 से 10 बजे तक प्रवचन चित्तौड़ रोड आरओबी के पास स्थित तेरापंथ नगर सभागार में आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विविध भाषाओं के ज्ञाता आध्यात्मिक धर्म गुरू पूज्य स्वामी गोविन्द देव गिरी जीवन प्रबंधन, सुखी जीवन, सफल जीवन जीने की कला पर प्रवचन देंगे। इनके माध्यम से वह बताएंगे समय, संकल्प ओर संतुलन सफल जीवन की नींव है। जो जीवन को संवारे वहीं सच्चा प्रबंधक है। जिसने जीवन को जाना ओर समझ लिया उसका जीना सफल है। दो दिवसीय प्रवचन आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है एवं श्रद्धालुओं में इसे लेकर उत्साह का माहौल है।

ट्रस्ट के नवनीत सोमानी ने बताया कि स्वामी गोविन्द देव गिरी दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन 19 जून को सुबह 9 बजे भीलवाड़ा में द ग्रीन्स कॉलोनी के पास 200 फीट रिंग रोड पर अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के तत्वावधान में ए.बी.माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा द्वारा नवनिर्मित श्री प्रभुलाल जगदीश प्रसाद सोमानी माहेश्वरी छात्रावास का भव्य उद्घाटन करेंगे। मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश व एवं भारतीय विधि आयोग के अध्यक्ष दिनेश माहेश्वरी होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी रामपाल सोनी एवं अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा होंगे। उद्घाटन के बाद शुभारंभ समारोह सुबह 9.15 तेरापंथ नगर सभागार स्वामी गोविन्ददेव गिरी महाराज के सानिध्य में होगा। उन्होंने बताया कि 104 छात्रों की आवास की क्षमता वाले करीब 15 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 6 मंजिला छात्रावास में सर्वसुविधायुक्त ए.सी. कक्ष, भोजन कक्ष, कैफेटेरिया, कम्प्यूटर लैब, 100 छात्रों की क्षमता वाला हॉल, सीसी टीवी कैमरा, दो लिफ्ट आदि की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। इसे सामाजिक स्तर पर लागत मूल्य पर संचालित किया जाएगा।

### भीलवाड़ा में उच्च अध्ययन एवं कोचिंग के लिए आने वाले छात्रों को मिलेगी सुविधा

ए.बी.माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट भीलवाड़ा के ट्रस्टी श्लोक सोमानी ने बताया कि छात्रावास संचालन का मुख्य उद्देश्य भीलवाड़ा में उच्च अध्ययन एवं प्रोफेशनल कोर्सेज की कोचिंग व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आने वाले माहेश्वरी समाज के छात्रों को कम लागत मूल्य पर बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ सर्वसुविधायुक्त आवास सुविधा उपलब्ध कराना है। छात्रावास केवल आवास सुविधा नहीं होकर छात्रों को शिक्षा, संस्कार एवं व्यक्तिव विकास के क्षेत्र में नई उंचाईयां प्राप्त करने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम मीडिया प्रभारी महावीर समदानी, प्रभात सोमानी, सीए अतुल सोमानी भी उपस्थित थे।

### कौन है प्रख्यात धर्मगुरू स्वामी गोविन्द देव गिरी महाराज

कार्यक्रम मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास अयोध्या के कोषाध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि न्यास मथुरा के उपाध्यक्ष विख्यात धर्म गुरू स्वामी गोविन्द देव गिरी का जन्म 1949 में महाराष्ट्र के बेलापुर गांव में हुआ। उन्होंने काशी में अध्ययन कर वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय से आचार्य की उपाधि प्राप्त की। कांची कामकोटि शंकराचार्य पूज्य स्वामी जयेन्द्र सरस्वती महाराज से अनुग्रह दीक्षा एवं महामंडलेश्वर पूज्य गुरूदेव स्वामी श्री सत्यमित्रानंद गिरी महाराज से सन्यास दीक्षा अंगीकार की। उन्होंने गुरू के आशीर्वाद से जीवन के 15 वें वर्ष से गीता प्रवचन एवं 17वें वर्ष से परम्परागत भागवत कथा का वाचन प्रारंभ कर दिया। संस्कृत, हिंदी, मराठी, अंग्रेजी, गुजराती, मारवाड़ी आदि भाषाओं के ज्ञाता स्वामी गोविन्द देव गिरी भारतमाता मंदिर एवं समन्वय परिवार के माध्यम से श्रीमद् भागवत, श्रीराम चरित्र, महाभारत, उपनिषद, देवी भागवत, हनुमान कथा, शिव महापुराण, श्रीरामकृष्ण-विवेकानंद दर्शन, भारतीय प्रबंधन शास्त्र आदि पर कथा प्रवचन एवं व्याख्यान करते है। वह ज्ञानयज्ञार्थ देश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ अमरीका, इंगलैड, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, थाईलैण्ड, जर्मनी, इंडोनेशिया, कम्बोडिया सहित दुनिया के विभिन्न देशों में प्रवास कर चुके है।

# विनोद वैष्णव बने हिंदू युवा वाहिनी के उदयपुर संभाग अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

हिंदू युवा वाहिनी के संगठन विस्तार के तहत धोरड़िया (नगरी) निवासी विनोद वैष्णव को उदयपुर संभाग अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह राठौड़ की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष संदीप बेनीवाल द्वारा घोषित की गई।

नियुक्ति की घोषणा के साथ ही संगठन पदाधिकारियों ने विनोद वैष्णव को संगठन की विचारधारा एवं नियमों के अनुरूप कार्य करते हुए संभाग में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी तीन माह के भीतर संभाग स्तरीय कार्यकारिणी का गठन करने को भी कहा गया है।

नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष विनोद वैष्णव ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण



एवं जिम्मेदारी के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू युवा वाहिनी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे निरंतर कार्य करेंगे।

विनोद वैष्णव की नियुक्ति पर संगठन कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह राठौड़ एवं प्रदेश अध्यक्ष संदीप बेनीवाल का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उदयपुर संभाग में संगठन को नई मजबूती और गति मिलेगी।

# आक्रांता मुगलों पर विजय का प्रतीक था हल्दीघाटी युद्धः इतिहास के पन्नों से हटेगी दरबारी इतिहासकारों की विसंगति

**पाठ्यक्रमों में सच को झुठलाकर पढ़ाया गया 'अकबर महान', जबकि महाराणा प्रताप ने मुगलों को स्थाई रूप से खदेड़ा; दिवेर के युद्ध में 36 हजार मुगल सैनिकों ने किया था आत्मसमर्पण, विजय के प्रतीक स्वरूप प्रताप ने एक वर्ष तक बांटे थे ताम्रपत्र**

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

'हमारे यहां इतिहास लेखन में बहुत त्रुटियां हुई हैं। सच को झुठलाते हुए इतिहास को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है। यह विडंबना ही है कि आजादी के बाद पाठ्यक्रमों में भी भारत का इतिहास इसी का शिकार रहा।' यह विचार हल्दीघाटी युद्ध की 450वीं वर्षगांठ के विशेष अवसर पर प्रबुद्ध विचारकों और शोधार्थियों द्वारा व्यक्त किए गए हैं। देश के प्रामाणिक घटनाक्रमों पर गौर करें तो पूर्व में दरबारी इतिहासकारों ने ऐतिहासिक सत्यों की बजाय केवल शासकों का प्रशस्ति गान किया, जिसके कारण विद्यालयों में 'अकबर महान' पढ़ाया जाने लगा था। हालांकि, बाद में तथ्यों के आधार पर पाठ्यपुस्तकों में इसे बदलते हुए 'महाराणा प्रताप महान' पढ़ाने की शुरुआत हुई, जिसने प्रामाणिक रूप से सिद्ध किया कि हल्दीघाटी और दिवेर के युद्ध में महाराणा प्रताप ने मुगलों को मेवाड़ से स्थाई रूप से खदेड़ दिया था।

### बंदी बनाने की अकबर की कूटनीति को भील योद्धाओं ने किया ध्वस्तः

ऐतिहासिक सत्य यह है कि अकबर जानता था कि महाराणा प्रताप को सीधे युद्ध में कभी हराया नहीं जा सकता। अकबर चाहता था कि हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप को बंदी बना लिया जाए ताकि पूरे हिंदुस्तान में मुगलों के विरोध के एकमात्र बड़े केंद्र को समाप्त किया जा सके। इसी रणनीति के तहत उसने आमेर के राजा मानसिंह को सेनापति चुनकर भेजा था। 18 जून 1576 को हुए इस ऐतिहासिक युद्ध में मुगलों की विशालकाय सेना लगभग एक लाख के करीब थी, जबकि



महाराणा प्रताप के पास मात्र 20 से 25 हजार सैनिक थे। महाराणा ने अपनी सूक्ष्म रणनीतिक सूझबूझ से छापामार युद्ध और कूटनीति का सहारा लिया। हल्दीघाटी की संकरी घाटियों में भील योद्धाओं ने, जो पहाड़ियों और चट्टानों में छुपकर वार करने में माहिर थे, मुगलों की सेना को चारों तरफ से घेरकर उनके हौसले पस्त कर दिए। मुगलों की सेना इस वेग को सह नहीं पाई और मैदान छोड़कर बनास के दूसरे किनारे तक भाग खड़ी हुई। इस भीषण युद्ध के कारण ही आज भी इस मैदान को 'रक्ततलाई' कहा जाता है।

### चेतक की स्वामीभक्ति और दिवेर का ऐतिहासिक आत्मसमर्पणः

इस युद्ध में महाराणा प्रताप के अश्व 'चेतक' की भूमिका भी साहसिक और ऐतिहासिक रही। हाथियों को भ्रमित करने के लिए चेतक के चेहरे पर हाथी का मुखौटा लगाया गया था। युद्ध के दौरान चेतक ने अदम्य साहस दिखाते हुए राजा मानसिंह के हाथी की सूंड पर अपने पैर रख दिए ताकि महाराणा प्रताप सीधा वार कर सकें। इस दौरान हाथी की सूंड में बंधी तलवार से चेतक का पैर गंभीर रूप से कट गया, लेकिन घायल होने के बावजूद उसने स्वामीभक्ति निभाते हुए महाराणा को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और अपने प्राण त्याग दिए।

हल्दीघाटी के बाद विजयादशमी को दिवेर में महाराणा प्रताप ने मुगलों पर निर्णायक प्रहार किया। इस युद्ध में कुमार अमर सिंह ने मुगल सेनापति पर भाले से इतना भीषण प्रहार किया कि भाला उसे भेदते हुए जमीन में धंस गया। नतीजतन, दिवेर में 36 हजार की मुगल सेना ने महाराणा प्रताप के आगे आत्मसमर्पण कर दिया।

### अकबर ने बंद कर दिया था मानसिंह का दरबार में आनाः

इस एतिहासिक विजय का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने संप्रभु राजा के रूप में एक साल तक ताम्रपत्रों के माध्यम से दान और भूमि का वितरण किया, जो केवल एक स्वतंत्र और विजयी राजा ही कर सकता था। वहीं दूसरी ओर, अपनी विशाल सेना के बावजूद महाराणा प्रताप को अधीन करने में असफल रहने पर अकबर अपने सेनापतियों से बेहद क्रोधित हुआ था। उसने सजा के तौर पर अपने मुख्य सेनापति राजा मानसिंह और आसफ खान को लंबे समय तक शाही दरबार में आने पर प्रतिबंध (ड्योढ़ी बंद) लगा दिया था। हल्दीघाटी का यह युद्ध केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की एक अपूर्व गौरवगाथा है, जिसने सदा-सदा के लिए देश में स्वाधीनता की राह प्रशस्त की।

# मियावाकी कार्निवल से ऑटिज्म जागरूकता और समावेशिता का संदेश



स्मार्ट हलचल | इंदौर

विगत रविवार को इंदौर के बी जौन बिजनेस पार्क में किशोरों द्वारा अनोखा 'मियावाकी कार्निवल' आयोजित किया गया। आज के समय ऑटिज्म बीमारी प्रति 60 में से एक बच्चे को है। जिसे माता पिता प्रारम्भ में अनदेखा कर देते हैं। यह बात स्पीच थेरेपिस्ट डॉ. गरिमा दीक्षित ने अपने मुख्य वक्तव्य में बताते हुए कहा कि इसके लिए प्रारम्भ में ही जागरूकता अवश्यक है। डॉ. अनुष्का जैन-ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट ने कहा कि समाज में दो तरह के लोग होते हैं, एक वे जो ऑटिज्म को अपनाते हैं और दूसरे वे जो रूढिवादी सोच के कारण इनको अपने बच्चों के साथ धुलने-मिलने नहीं देते। हमें इस दूरी को प्रारम्भ से मिटाना है। कार्यक्रम की निर्देशिका नेहा कनोडिया ने कार्निवल की भूमिका प्रस्तुत की। तारिणी कस्बेकर ने बताया कि कार्निवल का नाम मियावाकी विधि पर रखा गया है। इस विधि में पौधे साथ-साथ बोए जाते हैं और साथ-साथ बढ़ते हैं। उसी सिद्धांत पर बच्चों ने संदेश दिया कि हम भी सब एक साथ मिलकर बढ़ना चाहते हैं। हमें जाति, नस्ल, आर्थिक स्थिति, समाज या ऑटिज्म के कारण भेदभाव नहीं करना है। हम सब साथ मिलकर बढ़ सकते हैं।

कार्निवल का मुख्य विषय 'ऑटिज्म जागरूकता और समावेशिता' था। आयोजकों का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि हम अपने आस-पास रहने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समझें। उनकी चुनौतियों को जानें। इस कार्निवल की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यह ''बच्चों के द्वारा, बच्चों के लिए, बच्चों का'' कार्यक्रम था। जिसे मुख्यतः अरिंजय जैन, तारिणी कस्बेकर, शरन्या उपाध्याय और मिराया गांधी की टीम ने मिलकर सफलतापूर्वक संपन्न किया।

कार्यक्रम में ऑटिस्टिक बच्चों ने गायन और पियानो की प्रस्तुतियां दीं, भेलपुरी, चार्म्स और बैक्स से बने उत्पादों के स्टॉल लगाए, लोगों से मिलना और पैसों का आदान-प्रदान सीखा। अन्य बच्चों नें भोजन सामग्री, स्वहस्तनिर्मित उत्पाद, बैग कस्टमाइजेशन और मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाये।

नेहा कनोडिया के निर्देशन और डॉ. अनुष्का जैन के मार्गदर्शन में उक्त किशोरों का ग्रुप मिलकर समाजसेवा का यह कार्य कर रहा है। मियावाकी कार्निवल इसका प्रथम प्रयास है। इस ग्रुप ने यह सावित कर दिया कि किशोर चाहें तो कुछ भी कर सकते हैं।

# जन लेखा समिति ने पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से की भेंट



स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

राजस्थान विधानसभा की जन लेखा समिति इन दिनों जम्मू-कश्मीर, पंजाब एवं हरियाणा के अध्ययन दौरे पर है। दौरे के दौरान समिति विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं एवं उनकी जन लेखा समितियों की कार्यप्रणाली का अध्ययन कर रही है, ताकि संसदीय व्यवस्थाओं और वित्तीय जवाबदेही से जुड़े विषयों पर अनुभवों का आदान-प्रदान किया जा सके।

इसी क्रम में राजस्थान विधानसभा की जन लेखा समिति के सदस्यों ने पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, बेगूं विधायक सुरेश धाकड़, शार्दूलशहर विधायक गुरवीर सिंह तथा अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल शामिल रहे।

भेंट के दौरान समिति सदस्यों ने विभिन्न संसदीय विषयों, लोकतांत्रिक संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, सुशासन, वित्तीय पारदर्शिता एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही पंजाब विधानसभा की कार्यप्रणाली एवं वहां की जन लेखा समिति के अनुभवों की जानकारी भी प्राप्त की।

समिति सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के अध्ययन भ्रमण से विभिन्न राज्यों की प्रशासनिक एवं संसदीय व्यवस्थाओं को समझने का अवसर मिलता है, जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलती है।

# पुष्पवर्षा, महाआरती और आतिशबाजी के बीच राष्ट्रनायक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**वीरता और स्वाभिमान का उत्सवः महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य भगवा यात्रा**

**बोरखेड़ा में धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप जयंती, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**





स्मार्ट हलचल | कोटा

मेवाड़ के गौरव, राष्ट्रनायक एवं अदम्य शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती बोरखेड़ा- क्षेत्र में मंगलवार सायंकाल श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में भव्य रूप से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भगवा रैली में सैकड़ों सर्व समाज के प्रबुद्ध जन,एवं महिला एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

महाराणा प्रताप स्मारक समिति के संयोजक शंभू सिंह कानावत के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में लोग देवली रोड स्थित उत्सव मैरिज गार्डन में एकत्रित हुए। यहां से महाराणा प्रताप एवं देशभक्ति गीतों की गूंज के बीच भगवा दुपट्टा धारण किए युवाओं और नागरिकों का विशाल समूह रैली के रूप में रवाना हुआ। महाराणा प्रताप के चित्र को पुष्पों से सुसज्जित वाहन पर आकर्षक झांकी के रूप में सजाया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

समिति संरक्षक महावीर प्रसाद नायक ने बताया कि रैली मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। देशभक्ति और वीरता के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। रैली महाराणा प्रताप सर्कल पहुंची, जहां महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर 51 दीपों से महाआरती की गई तथा भव्य आतिशबाजी के साथ जयंती समारोह का समापन हुआ।

संरक्षक महावीर प्रसाद नायक एवं अध्यक्ष मनोज गोस्वामी ने बताया कि रैली व उपस्थित जनसमूह के लिए अल्पाहार, फल एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक शंभू सिंह कानावत, सुमेर सिंह तथा समिति अध्यक्ष मनोज गोस्वामी ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके जीवन से राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और त्याग की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। आयोजन में सह संयोजक राधेश्याम कुशवाह, देवेन्द्र राठौड़, चंद्रबली प्रसाद, कुलदीप कुशवाह, देवराम वर्मा, दौलत मेघवाल, सुरेन्द्र गौड़, , प्रेम सहाय वर्मा, , अनु गोस्वामी लक्ष्मण चौधरी, महावीर शेखावत, विशाल लश्करी, दीपक कुशवाह, संतोष गहलोत, लोकेश शर्मा, हनुमान सिंह हाड़ा, मुकुट यादव, गौरव बड़ौदिया, भोगेन्द्र स्वामी, , यशवंत सिरोटिया, कल्याण सिंह, विवेक सिंह, रोहित सिंह, धर्मेन्द्र अग्रवाल, प्रेम शंकर सैनी राहुल पारित नरेश मेघवाल अमित सिंह, राजेश शर्मा, महेन्द्र मालव, रामावतार मालव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम टाकरवाड़ा में नरेगा श्रमिकों ने दिया धरना



स्मार्ट हलचल | बूढादीत

क्षेत्र के ग्राम टाकरवाड़ा में नरेगा के अंतर्गत काम ना मिलने से नाराज श्रमिकों ने ग्राम पंचायत मुख्यालय पर धरना दिया

बड़ी संख्या में नरेगा श्रमिक सुबह पंचायत मुख्यालय पहुंचे एवं नारेबाजी करते हुए पंचायत परिसर में धरने पर बैठ गए

ग्रामीणों ने बताया कि आज प्रातः जब श्रमिक मजदूरी के लिए साइड पर पहुंचे तो मेठो ने मस्टररोल ना होने का हवाला देते हुए कार्य बंद करवा दिया जिससे नाराज श्रमिक पंचायत मुख्यालय पर धरने पर बैठ गए।

भाजपा नेता लोकेश बाँवता ने मौके पर पहुंचे पंचायत प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वार्ता कर पुनः नरेगा कार्य को चालू करवाने पर सहमती बनाई जिसके पश्चात पुनः नरेगा कार्य चालू होने पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

नरेगा श्रमिकों ने अचानक कार्य बंद हो जाने से पंचायत मुख्यालय पर धरना दिया था संबंधित अधिकारीयो से वार्ता के पश्चात समस्या का समाधान हो गया है प्रदेश की सरकार शोषित वंचित के पक्ष में कार्य कर सभी को रोजगार दिलाने हेतु कटिबद्ध है।

बजट के अभाव में रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा मिस्टोल को बंद कर दिया था। उच्च अधिकारियों से वार्ताकार पुनः मनरेगा मिस्टोल जारी कर दी गई है। मनरेगा श्रमिकों को पूरा रोजगार मिलेगा।

**सुरेश गोस्वामी ग्राम विकास अधिकारी टाकरवाडा।**

# भगवान लाल मेघवाल खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोनीत

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा



राजस्थान मेघवाल समाज (रजि.) के प्रदेश अध्यक्ष सांगीलाल मेघवाल द्वारा समाज एवं खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, बी-ग्रेड रेफरी एवं खेल प्रोत्साहक भगवान लाल मेघवाल (पुत्र श्री रामलाल मेघवाल, निंबाहेड़ा) को राजस्थान मेघवाल समाज के खेलकूद प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है।

यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष रामचंद्र बामनिया तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंवरलाल मेघवाल (कोटड़ी कला) की अनुशंसा पर की गई। वहीं समाज के सलाहकार राधेश्याम अरनिया जोशी, मांगीलाल मेघवाल (अध्यापक, छतरी तलाई), रामपाल मेघवाल डोरिया, मांगीलाल बामनिया, नंदलाल चोरड़िया, बालूराम पालोदरा एवं मन्नालाल करसाना सहित अन्य वरिष्ठजनों की सहमति से यह महत्वपूर्ण मनोनयन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष सांगीलाल मेघवाल द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में भगवान लाल मेघवाल की कर्मठता, समाजसेवा, खेलों के प्रति समर्पण एवं युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि वे समाज हित में कार्य करते हुए आगामी 15 दिनों के भीतर राज-स्थान के प्रत्येक जिले में खेलकूद प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें।

# शहरी सेवा शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन को राहत एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत मंगलवार को नगर परिषद निंबाहेड़ा में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया तथा नगर परिषद को विभिन्न स्त्रोतों से करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपये की राजस्व आय प्राप्त हुई।

शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने शिविर का अवलोकन करते हुए नगर परिषद की विभिन्न शाखाओं एवं विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में करीब 22 विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न सेवाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश बुनकर, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, नगर प्रवक्ता सुनील चाष्टा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा ने बताया कि शिविर के दौरान विधायक कृपलानी एवं अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ वितरित किए गए। विधायक कृपलानी ने नगर परिषद द्वारा रियायती दर पर वसीटा धोबी समाज, देव गुर्जर समाज, नारायणी सेवा संस्थान सेन समाज तथा मीणा समाज को भूखंडों के पट्टे सौंपे।

इसके अलावा शिविर में 2 कृषि भूमि रूपांतरण प्रकरणों, 6 भूमि हस्तांतरण पत्रों तथा 6 भवन निर्माण स्वीकृति पत्रों का भी वितरण किया गया। मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना के तहत 9 लाभार्थियों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए, जबकि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों को 15-15 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही 3 दंपतियों को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। आयुक्त खटूमरा ने बताया कि शिविर के माध्यम से नगर परिषद को अब तक लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये की राजस्व आय प्राप्त हुई है, जो नगर विकास कार्यों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाया। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने ऐसे शिविरों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बताया।

# जरूरतमंद बच्चों को चप्पल, स्टेशनरी और खिलौनों का वितरण

**महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र ने जरूरतमंद बच्चों को बांटी चप्पलें, स्टेशनरी और खिलौने**



स्मार्ट हलचल | कोटा

महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र, कोटा द्वारा सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित विशेष सेवा कार्यक्रम में पंख हौसलों की उड़ान फाउंडेशन से जुड़े आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों को चप्पलों, स्टेशनरी सामग्री, खिलौनों तथा मिठाइयों का वितरण किया गया।

महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष डॉ. सुनील जैन ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं में सहयोग प्रदान करना रहा। बच्चे समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं।

पंख हौसलों की उड़ान फाउंडेशन की संचालिका ऋतु राठौर ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जीएसएम स्क्वाड की सोनल गुप्ता ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही ऐसा समाज बनाया जा सकता है, जहाँ कोई भी बच्चा शिक्षा और खुशियों से वंचित न रहे। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों के साथ जया वर्मा, राधा वैष्णव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वितरित सामग्री प्राप्त कर खुशी व्यक्त की।

# विप्र समाज की गौरवशाली प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान

## युवाओं को मिलेगा दिशा-दर्शन, 12 जुलाई को होगा सम्मान समारोह

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

विप्र फाउंडेशन,जोन 1-ए के शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार सायं निंबार्क बी.एड. कॉलेज, उदयपुर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य एवं प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. एच.आर. दवे ने की। बैठक में प्रकोष्ठ पदाधिकारियों, शिक्षाविदों एवं समाज के विभिन्न घटकों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 12 जुलाई को विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। समारोह में आई.ए.एस, आर.ए.एस, आर.जे.एस, आर.पी.एस. एवं अन्य उच्च प्रशासनिक, न्यायिक एवं शासकीय सेवाओं में चयनित विप्र प्रतिभाओं के साथ-साथ एम.बी.बी.एस, सी.ए, सी.एस. एवं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतिभाओं तथा विद्यालय की 10 वीं 12 वीं बोर्ड एवं महाविद्यालय स्तर पर 85 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के सफल अधिकारियों, चिकित्सकों, चार्टर्ड



अकाउंटेंट्स, कंपनी सेक्रेटरी, खेल प्रतिभाओं एवं अन्य विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों के अनुभवों का लाभ युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की समुचित जानकारी प्राप्त होगी तथा उनमें उच्च उपलब्धियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. एच.आर. दवे ने कहा कि समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करना केवल उपलब्धियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा-स्त्रोत तैयार करना है। उन्होंने कहा कि विप्र फाउंडेशन का उद्देश्य समाज की सफल प्रतिभाओं को विद्यार्थियों से जोड़कर एक सशक्त मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप तंत्र विकसित करना है, जिससे अधिकाधिक युवा प्रशासनिक, न्यायिक, चिकित्सा, वित्तीय, खेल एवं अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर सकें।

बैठक में यह भी तय किया गया कि सम्मान समारोह हेतु पात्र मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं के पंजीयन के लिए शीघ्र ही गूगल फॉर्म जारी किया जाएगा। विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 85 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव गणेश नागदा के अनुसार कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर दायित्वों का निर्धारण किया गया। समितियों को प्रचार-प्रसार, प्रतिभा पंजीयन, अतिथि समन्वय, मंच व्यवस्था, स्वागत, वित्तीय प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थागत कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि बैठक में डॉ.शोभालाल औदिच्य, सत्य प्रकाश त्रिवेदी, राजेश पालीवाल, दिनेश शुक्ला, गोपाल मेहता, प्रेम औदिच्य, भूपेंद्र श्रीमाली, भूपेंद्र शर्मा, जयप्रकाश श्रीमाली, प्रदीप गर्ग, सुशील वशिष्ठ, डॉ. लक्ष्मी नारायण दशोरा सहित अनेक प्रबुद्ध विप्रजन उपस्थित रहे। संचालन लोकेश पालीवाल ने किया तथा अंत में धन्यवाद डॉ.भगवती शंकर व्यास ने किया।

# राठौड़ का राहुल गांधी पर तीखा हमला: परीक्षा से 5 दिन पहले कोटा दौरा केवल राजनीतिक पर्यटन, कांग्रेस को याद नहीं आए 19 पेपर लीक

**गहलोत शासन में हुआ युवाओं के सपनों पर प्रहार, अब जादूगरी फ्लॉप होने के डर से घबराई कांग्रेस; ऊर्जा मंत्री नागर बोले— बच्चों को अपना भविष्य प्यारा है, कांग्रेस का सर्कस नहीं**

स्मार्ट हलचल




**सांगोद/कोटा।** राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने कोटा में आयोजित एक हाई-प्रोफाइल प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। राठौड़ ने कहा कि नीट पेपर लीक प्रकरण देश के 22 लाख विद्यार्थियों और उनके परिवारों से जुड़ा एक अत्यंत संवेदनशील विषय है। आगामी 21 जून को नीट की दोबारा परीक्षा होने जा रही है। ऐसे में परीक्षा से महज 5 दिन पहले 17 जून को कोटा में राजनीतिक कार्यक्रम करना कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि इसमें परीक्षा की तैयारी कर रहे मेहनतकश छात्र और उनके परिवार शामिल नहीं होंगे। यह दौरा सिर्फ एक राजनीतिक पर्यटन है।

**हुजूर आते-आते बहुत देर कर दी:**

राठौड़ ने तंज कसते हुए शायराना अंदाज में कहा, 'हुजूर आते-आते बहुत देर कर दी।' जब विगत कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान में 19 पेपर लीक हुए थे, तब राहुल गांधी को युवाओं के सपनों पर प्रहार और गहलोत सरकार की विफल भर्ती व्यवस्था की याद क्यों नहीं आई? राठौड़ ने खुलासा किया कि नीट पेपर लीक का सबसे पहला बड़ा पर्दाफाश राजस्थान एसओजी ने किया था, जिसने परीक्षा से पहले लीक हुए उस 'गेस पेपर' को पकड़ा जिसके 125 से अधिक प्रश्न हूबहू वास्तविक प्रश्नपत्र से मेल खाते थे। एसओजी की इसी जांच के बाद मामला सीबीआई तक पहुंचा, जिसने कड़ी कार्रवाई करते हुए रिटायर्ड प्रोफेसर पी.वी. कुलकर्णी सहित 13 से अधिक आरोपियों को जेल भेजा। जब देश की सर्वोच्च एजेंसियां मुस्तैदी से काम कर रही हैं, तब कांग्रेस इस पर राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास कर रहा है।

**भजनलाल सरकार ने घटाया बेरोजगारी का ग्राफ:**

भाजपा नेता ने भजनलाल सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में राजस्थान की बेरोजगारी दर औसतन 28 से 35 फीसदी थी, जो आज घटकर मात्र 7.4 फीसदी रह गई है। वर्तमान सरकार ने सत्ता संभालते ही एसआईटी का गठन किया, जिसके तहत 155 एफआईआर दर्ज कर 515 जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। अब तक 1.25 लाख युवाओं को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और वर्ष 2026 के लिए 44 परीक्षाओं का स्पष्ट कैलेंडर जारी किया गया है। वर्तमान सरकार के समय 410 परीक्षाएं बिना किसी पेपर लीक और बिना इंटरनेट बंदी के सफलतापूर्वक आयोजित कराई गई हैं।

**बच्चों को भविष्य प्यारा है, कांग्रेस का सर्कस नहीं: हीरालाल नागर**

प्रेसवार्ता के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट परीक्षा में सिर्फ कुछ दिन बचे हैं। कोटा में बच्चे अपना करियर बनाने आते हैं और दिन-रात एक करके पढ़ाई करते हैं। वे आखिरी वक्त में अपनी किताबें छोड़कर राहुल गांधी का राजनीतिक प्रवचन सुनने क्यों जाएंगे? यह बच्चों का सीधा फैसला है कि उन्हें अपना भविष्य प्यारा है, कांग्रेस का सर्कस नहीं। जब बच्चे पढ़ाई को चुन रहे हैं, तो लोकतंत्र खतरे में कैसे आ गया? यह 'भय का माहौल' और 'धमकी' जैसी मनगढ़ंत कहानियां सिर्फ राजस्थान कांग्रेस की डूबती नैया और अपनी नाकामी को छुपाने का एक घटिया प्रयास है। असल डर तो कांग्रेस नेताओं के दिमाग में है कि वे राहुल गांधी के सामने इस 'फ्लॉप शो' की सफाई कैसे देंगे।

**गहलोत की जादूगरी अब आलाकमान पर भी नहीं चल रही:**

राजेंद्र राठौड़ ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि भाजपा वाले कोचिंग संचालकों को धमका रहे हैं। असल में भय का माहौल कांग्रेस के भीतर है कि कहीं यह राजनीतिक इवेंट फ्लॉप न हो जाए। इसी डर से गहलोत जी के कहने पर उनके खासमखास पूर्व मंत्री और उनकी पूरी टोली कोचिंग-कोचिंग घूमकर बच्चों को रैली में भेजने की मिन्नतें कर रही है। 19 पेपर लीक का रिकॉर्ड बनाने वाले गहलोत जी भूल गए कि खुद सचिन पायलट ने उनकी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। अब राजस्थान और आलाकमान दोनों पर जादूगरी न चलने के कारण वे बेचैनी में अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। इस दौरान विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, संभाग प्रभारी नाहर सिंह, जिला प्रभारी अजीत मेहता, सह-प्रभारी स्नेह कंबोज और शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन भी उपस्थित रहे।

# पुण्य स्मृति में श्री महर्षि दधीचि छात्रावास को भेंट किया वाटर कूलर

स्मार्ट हलचल| कोटा



समाजसेवा एवं जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए श्री महर्षि दधीचि छात्रावास समिति परिसर में स्वर्गीय मंजू लता व्यास एवं स्वर्गीय राधेश्याम व्यास (धमाणा वाले) की पुण्य स्मृति में एक वाटर कूलर सप्रेम भेंट किया गया। यह भेंट डॉ. प्रभाकर व्यास, उप निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, कोटा, डॉ. पूनम व्यास (पीएचडी, एम.एससी. बायोटेक, गोल्ड मेडलिस्ट), पौत्री दृष्टि एवं पौत्र सोमादित्य द्वारा प्रदान की गई।

समिति अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने बताया कि यह सहयोग समाज के प्रति समर्पण और सेवा भावना का प्रेरणादायी उदाहरण है। समिति के सलाहकार नरेन्द्र मोहन दाधीच ने कहा कि छात्रावास परिसर में आयोजित होने वाले सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों में अब आगंतुकों और समाजबंधुओं को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

समिति मंत्री निमेष पुरोहित ने डॉ. प्रभाकर व्यास एवं उनके परिवार की सराहना करते हुए कहा कि परिवार न केवल दाधीच समाज के लिए समर्पित है, बल्कि जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने जैसे मानवीय कार्यों में भी निरंतर सक्रिय रहता है। उन्होंने बताया कि डॉ. व्यास को विभिन्न सामाजिक एवं चिकित्सा सेवाओं के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है तथा उन्होंने प्रयागराज कुंभ मेले में भी चिकित्सा शिविरों का सफल संचालन किया है।

इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, विष्णु दाधीच, कमल दाधीच, अमित कोयला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. प्रभाकर व्यास एवं उनके परिवार के इस पुनीत कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा ने देश की पहली निजी आदिवासी यूनिवर्सिटी के लिए दिए 1 लाख, शिक्षा के लिए समाज से आगे आने का किया आह्वान

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



देश की पहली निजी आदिवासी यूनिवर्सिटी के निर्माण और विकास अभियान को उस समय नई मजबूती मिली, जब उदयपुर के पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा ने इसके लिए 1 लाख का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल दूरगामी परिणाम देने वाली है।

पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा ने सहयोग राशि प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि युवाओं को बेहतर शैक्षणिक अवसर और संसाधन मिलें तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी इस अभियान में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की।

यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन आर. डी. मीणा ने पूर्व सांसद के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्योगपतियों, भामाशाहों और शिक्षाप्रेमियों का लगातार मिल रहा समर्थन इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक सहयोग से यह संस्थान आदिवासी युवाओं के लिए उच्च शिक्षा और शोध का एक सशक्त केंद्र बनेगा।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद भेरू लाल मीणा, रक्षा मंत्रालय के सेवानिवृत्त डायरेक्टर हेमराज मीणा तथा वरिष्ठ पत्रकार राकेश मीणा भी उपस्थित रहे। सभी ने आदिवासी समाज के शैक्षणिक उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों और जनसहयोग को आवश्यक बताते हुए इस पहल की सराहना की।

प्रस्तावित देश की पहली निजी आदिवासी यूनिवर्सिटी का उद्देश्य आदिवासी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से जोड़ना है, ताकि वे बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने कहा कि पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा द्वारा दिया गया 1 लाख का सहयोग इस अभियान के लिए प्रेरणादायक कदम है और इससे समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस पूर्व अभियान : रेलवे कॉलोनी में गूँजी स्वच्छता की अलख, निकाली जागरूकता रैली

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में लगभग 40 कर्मचारियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग**

स्मार्ट हलचल| कोटा

स्वतंत्रता दिवस 2026 के पूर्व आयोजित विशेष जन-जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा रेलवे कॉलोनी, कोटा में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से स्वच्छ वातावरण, स्वस्थ जीवनशैली एवं सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

रेलवे कॉलोनी के पुराने सेक्टर से प्रारंभ हुई यह रैली रेलवे स्काउट कार्यालय तक निकाली गई। रैली का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, कोटा डॉ. सुपर्णा सेन रॉय के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, कोटा श्री ओ.पी. राठौर भी उपस्थित रहे तथा प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।




रैली में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय, कोटा के रेल कर्मचारियों एवं रेलवे कॉलोनी में कार्यरत सफाई कर्मचारियों सहित लगभग 40 कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रतिभागियों ने स्वच्छता संबंधी संदेशों और नारों के माध्यम से कॉलोनीवासियों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।इस अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व से पूर्व स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना तथा कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों में स्वच्छ एवं स्वस्थ परिवेश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। कोटा मंडल द्वारा समय-समय पर ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित किया जाता रहा है।

# आबकारी आयुक्त 19 जून को लेंगे विभागीय समीक्षा वीसी

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शुक्रवार, 19 जून 2026 को दोपहर एक बजे ली जाएगी। विडियो कॉन्फ्रेंस में आबकारी राजस्व, बकाया वसूली, आबकारी बंदोबस्त, निरोधात्मक गतिविधियां, मदिरा उठाव एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। विडियों कॉन्फ्रेंस में समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, उपायुक्त आबकारी निरोधक दल, जिला आबकारी अधिकारी, सहायक आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक, प्रहराधिकारी संबंधित क्षेत्र के वीसी कक्ष के माध्यम से शामिल होंगे। उक्त जानकारी अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रषासन अनिल कुमार शर्मा ने दी।

# कोटा ग्रामीण पुलिस की पहल पर वृत्त क्षेत्र सांगोद के परिवादियों के लिये आयोजित किया गया विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल



**सांगोद।** पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण सुजीत शंकर की मौजूदगी में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में बडी मात्रा में क्षेत्र के लोग अपनी पीडा लेकर पहुंचे,इस मौके पर ग्रामीण एसपी ने पीडित लोगों की समस्याओं को मुखातिब होकर सुना तथा त्वरित गति से समाधान के निर्देश दिए।

मंगलवार को यहां आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अच्छी खासी संख्या में सांगोद क्षेत्र से ग्रामीणजन यहां पहुंचे, थाना सांगोद क्षेत्र के परिवादीगण उपस्थित हुए जिनकी समस्याओं को सुना गया, परिवाद प्राप्त किये गये व कई परिवेदनाओं में मौके पर ही सुनवाई कर किया निस्तारण। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सीधे शिकायत दर्ज करवाने हेतु जारी किये गये एसपी हेल्पलाईन नंबर 8764520202 की आमजन को दी गई जानकारी।जिला पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण सुजीत शंकर ने बताया कि कोटा ग्रामीण पुलिस की पहल पर वृत्त क्षेत्र सांगोद के परिवादियों के लिए थाना सांगोद पर विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में नरेन्द्र जैन वृत्ताधिकारी वृत्त सांगोद सहित थाना सांगोद के थानाधिकारी अनिल कुमार, मय पुलिस जाप्ता के तथा सीएलजी सदस्य, पत्रकार , सर्किल क्षेत्र सांगोद के मौजिज व्यक्ति उपस्थित रहे।जनसुनवाई कार्यक्रम में सांगोद सर्किल के थाना सांगोद में करीब 50.60 लोग उपस्थित थे, जनसुनवाई में 18 परिवाद मिले, जिनकी परिवेदनायें प्राप्त कर कई मामलों को पुलिस अधीक्षक ने मौके पर ही सुना जाकर कई परिवेदनाओं को मौके पर ही निस्तारण किया एवं प्राप्त परिवेदनाओं में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। श पुलिस अधीक्षक ने सर्किल के मौजूद सभ्य एवं मौजिज व्यक्तियों से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा की एवं निराकरण के आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। क्षेत्र के सभी व्यक्तियों को जिला पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सीधे शिकायत दर्ज करवाने व त्वरित कार्यवाही के लिये जारी किये गये एसपी हेल्पलाईन नम्बर 8764520202 की जानकारी दी गई।

# कोटा में ट्रक से अवैध शराब पकड़ी

**आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में कार्रवाई**

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में अवैध शराब के विक्रय, परिवहन, निर्माण के विरूद्ध नियमित कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत सोमवार रात्रि मुखबिर की सूचना पर कोटा में बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी निरोधक दल ने फोर सेल इन चंडीगढ़ अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप नाकाबंदी कर ट्रक से बरामद की। जब्त अवैध शराब की अनुमानित लागत 30 लाख रूपए है।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार अवैध मदिरा के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अतिरिक्त आबकारी आयुक्त कोटा नरेश कुमार मालव, जिला आबकारी अधिकारी सरिता के सुपरविजन में प्रहराधिकारी जयपुर शहर दक्षिण, कैम्प कोटा दक्षिण नरेन्द्र सिंह साजू द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रक की तलाषी ली गई। ट्रक में 995 पेटियों में 47760 अवैध अंग्रेजी शराब ग्रांड पार्टी प्रिमियम वोडका 180 एमएल फोर सेल इन चंडीगढ़ ओनली बरामद की गई। जब्त अवैध अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 30 लाख रूपए आंकी गई है। कार्रवाई में मौके से वाहन चालक संदीप कुमार निवासी हरियाणा को गिरफ्तार किया गया।

## कार्रवाई में ये रहे शामिल-

अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई में डीईओ जोन कोटा परमानन्द पाटीदार, प्रहराधिकारी कोटा दक्षिण हंसराज, आबकारी निरीक्षक कोटा दक्षिण विपिन वेदजीत, आबकारी निरीक्षक रामगंजमंडी प्रदीप मीना, जमादार विजय सिंह, ज्ञान सिंह, प्रहलाद कुमार, जगदीश लाल, इन्दर सिंह, सिपाही पितराम मय जाब्ता शामिल रहे।

# डबल इंजन सरकार में देश का युवा लुट रहा - डोटासरा

स्मार्ट हलचल| बून्दी



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य व देश का नौजवान डबल इंजन सरकार में लुट रहा है, आत्महत्या कर रहा है। उनकी मेहनत व पैसो की बर्बादी होने के बावजूद मोदी सरकार चुप्पी साधे बैठी है। डोटासरा ने यह बात आज बून्दी में एक होटल में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवा निराशा व अवसाद के शिकार हो रहे है। कई युवाओं ने तो आत्महत्या जैसा कदम उठाया है लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। डोटासरा ने सवाल उठाया कि आखिर युवाओं के भविष्य से हो रहे इस खिलवाड़ पर प्रधानमंत्री ने एक शब्द भी नहीं बोला।

नीट पेपर सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने के बावजूद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधाना इस्तीफा नहीं दे रहे है जबकि देश भर में युवा उनके खिलाफ आंदोलन प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार को भी जमकर कोसा और कहा कि यह सरकार एक भी बड़ी परीक्षा बिना विवाद के आयोजित नहीं कर सकी। इससे युवा वर्ग में निराशा व्याप्त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा में 17 जून को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कार्यक्रम किसी राजनीतिक सभा का हिस्सा नहीं है बल्कि यह उन छात्रों और युवाओं की आवाज सुनने का मंच है जिनके सपनों पर बार बार पेपर लीक और परीक्षा घोटालो ने चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों की आवाज को देश की संसद तक पहुंचायेंगे और पूरे देश को बतायेंगे कि किस तरह युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। डोटासरा ने कहा कि राज्य में 70 साल के इतिहास में पहला शिक्षा मंत्री व पंचायत राज मंत्री ऐसा बना है जिसे शिक्षा का शव पंचायत का प का ज्ञान भी नहीं है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर केवल अनर्गल बयानबाजी कर रहे है और हिन्दू मुस्लिम के अलावा कुछ नहीं कर रहे। उन्होंने राज्य की भजनलाल सरकार पर चुटकी लेते हुए कहा कि यह सरकार नहीं सर्कस है जिसमें शेर तो है लेकिन वह दिखावा मात्र है।

# सामाजिक सेवा एवं वन्य जीव संरक्षण लिए समाज सेवा शिरोमणि' पुरस्कार से लोकेश तिवारी सम्मानित

स्मार्ट हलचल|कोटा

राजस्थान के कोटा जिले के हनोतिया सिमलिया निवासी प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता वन्य जीव प्रेमी और प्रकृति संरक्षण वादी श्री लोकेश तिवारी को वन्य जीव संरक्षण पर्यावरण जागरूकता एवं जन सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 14 जून को एचवीपीएम ऑडिटोरियम हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल अंबा देवी मंदिर के पास अमरावती महाराष्ट्र में भव्य राष्ट्रीय प्रज्ञा अलंकरण समारोह में राष्ट्रीय राष्ट्रीय समाज शिरोमणि अलंकरण , प्रदान किया आध्यात्मिक संत श्री कृष्णा नंद जी महाराज एवं क्रांति महाजन के करकमलों से श्री लोकेश तिवारी को 'समाज सेवा शिरोमणि' पुरस्कार प्रदान किया श्री तिवारी बाल्य काल से समाज सेवा करते आए हैं बिजली के तारों के चिपके हुए आदमी को कृत्रिम सास देकर 3 किलोमीटर अपने कंधे पर ले जाकर भाडाहेड़ा से जिप करके कोटा अस्पताल पहुंचाया तालाब में डूबते बालक को बचाया अपने मुंह से कृत्रिम सास दी कहीं घायलों को अस्पताल पहुंचाना निर्धन गरीबों का निशुल्क इलाज करवाना कोटा रेलवे स्टेशन पर लगी भीषण आग पर काबू पाकर हजारों लोगों की जान बचाई करोड़ों रुपए की संपत्ति जलने से बचाई सुल्तानपुर में माली समाज के बालक को नाले में गिरने पर अपनी जान की परवाना करते हो उसे ढूंढना गुजरात में भूकंप में भुज कच्छ में सेवाएं देना कोरोना काल में गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाना गरीबों का दाह संस्कार करना कहीं बुजुर्गों एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना अपनी स्वयं की शादी की अंगूठियां चेन बेचकर गरीबों का गंभीर बीमारीयों का इलाज करवाया रक्तदान करना गायलो को अस्पताल पहुंचाना जैसे अनेक अभियानों में वह निरंतर सक्रिय रहते है साहसिक



एवं सामाजिक कार्य करके समाज में अपनी एक नई पहचान बनाई ग्रामीण और वन क्षेत्र में रहकर पर्यावरण संरक्षण दुर्लभ वन्यजीवों की सुरक्षा तथा संकटग्रस्त जिवो के बचाव अभियान एवं वन्य जीवों के प्रति उनके समर्पण तत्परता के कारण अनेक बार घायल पक्षियों एवं जानवरों को समय पर उपचार और सुरक्षित पुनर्वास मिल पाया पर्यावरण के क्षेत्र मैं भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है

विशेष उल्लेखनीय है कि श्री लोकेश तिवारी को इससे पूर्व रेड एंड व्हाइट वीरता पुरस्कार, राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार, सरकार द्वारा वन्य जीव संरक्षण एवं साहसिक एवं सामाजिक क्षेत्र में पुरस्कार, हाडोती गौरव पुरस्कार, समाज गौरव पुरस्कार, लायंस क्लब, विश्व हिंदू परिषद, अन्य कहीं संगठनों ने कहीं मंचों पर श्री लोकेश तिवारी को सम्मानित किया जा चुका है श्री तिवारी के किए गए सराहनीय कार्यों को देखते हुए आयोजन समिति ज्ञान उदय फाउन्डेशन,

वर्ल्ड सेव्हन वंडर्स पब्लिकेशन, रेडियंट टैलेंट बुक ऑफ़ रिकॉर्ड, के अनुसार इन्होंने सहासिक एवं सामाजिक श्रेत्र सामाजिक कल्याण गौ सेवा पशु संरक्षण वन्य जीव संरक्षण तथा तथा जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है जिसके कारण इन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया है। सीमित ने बताया कि 'समाज सेवा शिरोमणि' उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल करते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति दीर्घकालिक और उल्लेखनीय योगदान दिया हो और श्री लोकेश तिवारी को समाज सेवा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित करने पर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने प्रसन्नता यक्त करते हुए इसे कोटा जिले के लिए गौरव का विषय बताया है। आयोजन से जुड़े अधिकारियों के अनुसार देश भर से चयनित व वरिष्ठ व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सामाजिक सेवा शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले व्यक्ति शामिल हुए।

लोकेश तिवारी का समाज सेवा शिरोमणि पुरस्कार सम्मानित होने पर होने पर भाजपा देहात अध्यक्ष प्रेम गोचर प्रधान कृष्णा शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच उच्चमा मीणा, पंचायत समिति सदस्य विजयलक्ष्मी तिवारी, पूर्व डायरेक्टर तर्पृती शर्मा घनश्याम यादव सरपंच भाडाहेड़ा, सिमलिया सरपंच जितेंद्र मेघवाल, भंवरा सरपंच अमृता कंवर, पंचायत समिति सदस्य पूर्व उपप्रधान रईस खान, रेलगांव सरपंच सुलोचना मेहरा, जुगल शर्मा, गिरिराज तिवारी, हरीश मीणा, जवाहर लाल मीणा, आदी सामाजिक संगठन एवं जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने प्रसन्नता यक्त करते हुए इन्हें शुभकामना दि है।

# उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत को सौंपा गया 25 लाख की अनुशंसा का अनुरोध पत्र

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



देश की पहली निजी आदिवासी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन आर. डी. मीणा ने मंगलवार को उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत से शिष्टाचार मुलाकात कर यूनिवर्सिटी के विकास कार्यों के लिए 25 लाख की राशि की अनुशंसा करने संबंधी अनुरोध पत्र सौंपा। इस दौरान आदिवासी समाज में उच्च शिक्षा के विस्तार और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान उदयपुर में बिरसा मुंडा स्टडी सेंटर स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। चेयरपर्सन आर. डी. मीणा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शैक्षणिक मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम करना है। इस संबंध में विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान यूनिवर्सिटी के दीर्घकालिक विकास, आदिवासी युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने और समाज के शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए जनसहयोग बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विचार साझा किए गए। आर. डी. मीणा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास भविष्य की पीढ़ियों के लिए नए अवसर तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय के सेवानिवृत्त डायरेक्टर हेमराज मीणा तथा वरिष्ठ पत्रकार राकेश मीणा भी उपस्थित रहे। सभी ने आदिवासी समाज के शैक्षणिक विकास के लिए सामूहिक सहयोग और जनभागीदारी को आवश्यक बताते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने पर बल दिया।

# सावर सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी: एक्स-रे मशीन सात माह से बंद, विशेषज्ञ डॉक्टरों और कर्मचारियों के दर्जनों पद रिक्त, मरीजों पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** उपखंड क्षेत्र का राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सावर इन दिनों स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर बदहाली से जूझ रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से संचालित यह अस्पताल क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी के कारण मरीजों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन पिछले सात महीनों से बंद पड़ी है, जबकि सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने के बावजूद उसे संचालित करने वाला विशेषज्ञ नहीं होने से मरीजों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।





ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब और जरूरतमंद मरीज बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर सावर सीएचसी पहुंचते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। एक्स-रे सुविधा बंद होने के कारण मरीजों को मजबूरन केकड़ी और देवली के निजी अस्पतालों एवं जांच केंद्रों का रुख करना पड़ रहा है। वहां जांच करवाने में 500 से 800 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके अलावा निजी वाहन से आने-जाने पर केकड़ी के लिए लगभग 700 रुपए तथा देवली के लिए 600 रुपए तक का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। केकड़ी जाने वाले मरीजों को गुड़गांव टोल पर आवागमन के लिए लगभग 100 रुपए अतिरिक्त चुकाने पड़ते हैं। ऐसे में एक साधारण जांच भी गरीब परिवारों की जेब पर भारी पड़ रही है।

### केवल नाम का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सावर सीएचसी अब केवल सामान्य उपचार तक ही सीमित होकर रह गया है। गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया जाता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण अधिकांश मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन होने के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने से यह सुविधा भी लगभग बंद पड़ी है। मरीज उम्मीद लेकर आते हैं लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगती है।

### 18 चिकित्सकों के पद स्वीकृत, कई महत्वपूर्ण पद खाली

सावर सीएचसी में कुल 18 चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से कई महत्वपूर्ण पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। कनिष्ठ विशेषज्ञ के पांच पदों में फिजिशियन, सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ और निश्चेतना विशेषज्ञ के पद शामिल हैं, जो वर्तमान में खाली हैं। इसके अलावा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के दो पद तथा चिकित्सा अधिकारी के चारों पद भी रिक्त हैं। हालांकि वर्तमान में अस्पताल में 11 चिकित्सकों का वेतन उठ रहा है, लेकिन इनमें से एक चिकित्सक डॉ अनीता किशनगढ़ ब्लॉक में डेपुटेशन पर कार्यरत हैं। वर्तमान में अस्पताल में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रीटा गुप्ता, दंत चिकित्सक डॉ. वैशाली मीणा और डॉ. आदित्य जोशी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित शेखावत, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. पायल वर्मा तथा उप निदेशक डॉ. मुकेश नोगिया सहित अन्य चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं।

### नर्सिंग और तकनीकी स्टाफ में भी भारी कमी

अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद कई महत्वपूर्ण तकनीकी पद रिक्त पड़े हैं। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के 2 पद स्वीकृत, 1 रिक्त, नर्सिंग ऑफिसर के 15 पद स्वीकृत, सभी भरे हुए, एलएचवी के 2 पद स्वीकृत, कोई रिक्त नहीं, एएनएम के 2 पद स्वीकृत, 1 रिक्त, फार्मासिस्ट प्रथम श्रेणी का 1 पद रिक्त, सहायक रेडियोग्राफर के 4 पदों में 2 रिक्त, तकनीकी सहायक के 2 पदों में 1 रिक्त, सीनियर लैब टेक्नीशियन के 3 पदों में सभी 3 रिक्त, लैब टेक्नीशियन के 5 पदों में 2 रिक्त, कंप्यूटर रिसोर्स असिस्टेंट के 3 पदों में सभी 3 रिक्त, डेंटल टेक्निशियन का 1 पद रिक्त, कनिष्ठ लेखाकार, वरिष्ठ सहायक और कनिष्ठ सहायक के पद रिक्त, वार्ड बॉय के 6 पदों में 5 रिक्त सफाई कर्मचारी के 4 पदों में सभी 4 रिक्त। विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी कर्मचारियों और सहायक स्टाफ की कमी का सीधा असर मरीजों को मिलने वाली सेवाओं पर पड़ रहा है।

### ट्रोमा सेंटर भी स्टाफ संकट से जूझ रहा

सावर स्थित राजकीय ट्रोमा सेंटर की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। यहां डॉक्टरों के कुल छह पद स्वीकृत हैं, लेकिन कई पद रिक्त पड़े हैं।

ट्रोमा कनिष्ठ विशेषज्ञ का 1 पद रिक्त, ऑर्थो चिकित्सा अधिकारी के 3 पदों में 1 रिक्त, सर्जरी चिकित्सा अधिकारी के 2 पदों में 1 रिक्त, एक चिकित्सक उच्च शिक्षा के लिए अवकाश पर, नर्सिंग ऑफिसर के सभी 10 पद भरे हुए ट्रोमा सेंटर में विशेषज्ञों की कमी के कारण सड़क दुर्घटनाओं और गंभीर मामलों में मरीजों को अजमेर, भीलवाड़ा और अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है।

क्षेत्रवासियों में बढ़ रहा आक्रोश

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सावर सीएचसी और ट्रोमा सेंटर को वर्षों पहले क्षेत्र की बढ़ती आबादी और जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया था, लेकिन पर्याप्त स्टाफ और संसाधनों के अभाव में इसका उद्देश्य अधूरा रह गया है। लोगों ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि बंद पड़ी एक्स-रे मशीन को तत्काल चालू कराया जाए, सोनोग्राफी विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए तथा रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए ताकि क्षेत्र के गरीब मरीजों को राहत मिल सके। वर्तमान में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी सावर डॉ राजेश गुप्ता व उनकी पत्नी डॉ रीटा गुप्ता अपने पारिवारिक शादी समारोह के चलते 10 जुन से छुट्टियों में चल रहे हैं।

# नगर फोर्ट बना भक्ति का धाम: बाबा रामदेव जी की कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** बैरवा मोहल्ला, हायर सेकेंडरी स्कूल के पास स्थित नगर फोर्ट में आयोजित श्री श्री 1008 श्री बाबा रामदेव जी महाराज मूर्ति स्थापना महोत्सव आज अपने चरम पर पहुंचा। मंगलवार को निकाली गई भव्य कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे नगर को 'जय बाबा री' के जयकारों से गुंजायमान कर दिया।

### कलश यात्रा का विहंगम दृश्य

मंगलवार सुबह से ही नगर फोर्ट में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। सिर पर मंगल कलश धारण कर पीले-लाल परिधानों में सजीं सैकड़ों महिलाएं, युवा और बुजुर्ग डीजे की धुन पर नाचते-गाते चल रहे थे। यात्रा का शुभारंभ हायर सेकेंडरी स्कूल के पास से हुआ जो पूरे बैरवा मोहल्ला से मेन बाजार, बड़ा बस स्टैंड होते हुए मंदिर प्रांगण तक पहुंची। जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत द्वारों से यात्रा का स्वागत किया गया। आयोजन की भव्यता

आयोजक बैरवा समाज, नगर फोर्ट द्वारा यह पांच दिवसीय महोत्सव 3 जून को गणेश निमंत्रण से शुरू हुआ था। 15 जून को रामायण पाठ और 16 जून को भजन संध्या के साथ-साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कल बुधवार, 17 जून को मुख्य मूर्ति स्थापना कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम आचार्य रामकुंवार महाराज, मांडकला एवं यज्ञाचार्य पंडित संजय शर्मा के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। मंच संचालन लादू लाल,अध्यापक बोसेरिया द्वारा किया जा रहा है।श्रद्धालुओं में उत्साह आयोजन समिति के ओमप्रकाश ने बताया कि 'बाबा रामदेव जी के आशीर्वाद से आज की कलश यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा और नगरवासी शामिल हुए। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। 'कल 17 जून को मूर्ति स्थापना के साथ इस महोत्सव का समापन होगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं।

# सतवाड़ा में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

## 18 जून से शुरू होगी, नरेश मीणा और मुकेश मीणा मुख्य अतिथि

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** सतवाड़ा गांव में जगदम्बा क्रिकेट क्लब द्वारा एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 18 जून को होगा। इस आयोजन में बीएसएस सुप्रीमो नरेश मीणा और सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। प्रथम पुरस्कार 21,000 रुपये नकद और द्वितीय पुरस्कार 11,000 रुपये नकद होगा।

क्लब ने निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने के लिए कुछ नियम निर्धारित किए हैं। सभी मैच टेनिस बॉल से खेले जाएंगे।

लीग मैच 10-10 ओवर के होंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल 12-12 ओवर के खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रवेश शुल्क 551 रुपये निर्धारित किया गया है। समाजसेवी राकेश मीणा सतवाड़ा ने बताया कि प्रत्येक टीम के 11 खिलाड़ियों के लिए अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। यदि किसी टीम में दूसरे गांव का खिलाड़ी पाया जाता है, तो उस टीम को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को अपना खेल किट भी साथ लाना होगा।

# ग्रामीण सेवा शिविर में 22 विभागों ने दी सेवाएं, सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** ग्राम पंचायत बाढ़ का झोपड़ा में जनकल्याण शिविर के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण किया गया।



शिविर में शिविर प्रभारी मोनिका जाखड़, भाजपा जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह शक्तावत, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रंगलाल भील, मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण मालावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनजीत सिंह, भाजपा नेता रोहित गुर्जर, कुलदीप सिंह, कुलदीप टोंग्या, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बैरवा, सत्यनारायण बैरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, ग्राम विकास अधिकारी देवी सिंह राठौड़, कनिष्ठ सहायक रमेश खारोल, दयाराम मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 22 विभागों ने भागीदारी निभाते हुए अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी आमजन को दी।

शिविर के दौरान 13 पट्टों का वितरण किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 10 व्यक्तिगत शौचालयों की स्वीकृति जारी की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के एक लाभार्थी को तृतीय किस्त तथा एक लाभार्थी को द्वितीय किस्त की राशि हस्तांतरित की गई। इसके अलावा पेंशन सत्यापन, जन आधार सत्यापन, मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत 14 बीमा पॉलिसियां, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित कार्य, चिकित्सा विभाग द्वारा 20 आयुष्मान कार्ड तथा 3 निक्षय पोषण किटों का वितरण किया गया।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को मूंग के 7 मिनी किट वितरित किए गए। साथ ही राजस्व खातों के शुद्धिकरण, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न जनहितकारी कार्यों का भी निस्तारण किया गया। शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने प्रशासन की पहल की सराहना की।

# अमन, भाईचारे और इंसानियत के पैगाम के साथ संपन्न हुआ हज़रत महबूब उर रहमान नियाज़ी का 10वां उर्स मुबारक

## दरगाह मीर कुर्बान अली में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, कुल की रस्म के साथ तीन दिवसीय उर्स का हुआ समापन

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** संसार चंद रोड स्थित दरगाह मीर कुर्बान अली में हज़रत सैयद महबूब उर रहमान नियाज़ी रहमतुल्लाह अलैह का 10वां उर्स मुबारक अकीदत, रूहानियत और भाईचारे के माहौल में संपन्न हो गया। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से आए हजारों जायरीन व मुरीदों ने शिरकत कर दरगाह पर चादर पेश की तथा अपने और देश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं।



उर्स के अंतिम दिन दोपहर में मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया, जिसके बाद शाम को कुल की रस्म अदा की गई और फातेहा ख्वानी के साथ उर्स का समापन हुआ। इससे पूर्व आयोजित महफिल-ए-समा और कव्वाली की महफिल में बरेली से आए कव्वालों और जयपुर के प्रसिद्ध कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर श्रद्धालुओं को देर रात तक रूहानी माहौल से सराबोर रखा।

दरगाह के सज्जादानशीन डॉ. सैयद हबीब उर रहमान नियाज़ी ने कहा कि उर्स केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि मोहब्बत, इंसानियत और सामाजिक जागरूकता का संदेश देने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि देश, प्रदेश और जयपुर शहर में अमन, चैन, आपसी भाईचारा और सौहार्द बना रहे, इसके लिए विशेष दुआ की गई। साथ ही युवाओं से अपील की गई कि वे अपने माता-पिता और बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, उनके अनुभवों से सीख लें और नशाखोरी व अन्य बुरी आदतों से दूर रहें। उन्होंने विश्व शांति और ईरान में अमन-ओ-सुकून के लिए भी विशेष दुआएं की जाने की जानकारी दी।

उर्स के दौरान आयोजित सूफी क्लासिकल नाइट और सूफी कॉन्फ्रेंस विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन कार्यक्रमों में सूफी विचारधारा, इंसानियत, प्रेम और सामाजिक एकता पर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में उपस्थत लोगों ने इन कार्यक्रमों की सराहना की।

नायब सज्जादानशीन फैज उर रहमान नियाज़ी ने बताया कि 10वें उर्स मुबारक में हजारों जायरीन ने दरगाह पर हाजिरी लगाई और अपनी मुरादों की चादरें पेश कर दुआएं मांगीं। उन्होंने कहा कि देश के प्रसिद्ध कव्वालों द्वारा पेश किए गए कलामों ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। कुल की रस्म के साथ तीन दिवसीय उर्स मुबारक का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इस अवसर पर मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद अय्यूब फुलेरा, दिनेश शर्मा, दिनेश विजयवर्गीय, राजेश चौधरी, रईस खान, अफजल महमूद, सैय्यद अरशद, अशोक सरपंच, पाटनी ब्रदर्स, राजू खान नेता, सैय्यद अरशद अलीम पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जायरीन उपस्थित रहे।

# एडीएम ने किया ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण, मौके पर ही प्रकरणों के निस्तारण के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर (एडीएम) ब्रह्मलाल जाट ने मंगलवार को मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत शिवपुराघाटा एवं नाडी में आयोजित 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का अवलोकन किया और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। एडीएम ने शिविर में आए ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया और अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित और संवेदनशील निस्तारण करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान एडीएम ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण सेवा शिविर राज्य सरकार की एक बेहद जनहितैषी पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके गांव के स्तर पर ही राहत पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को पाबंद करते हुए कहा, 'शिविर में आने वाले आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।' इसके साथ ही उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थलों पर छाया (टेंट), ठंडे पेयजल और बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान दोनों ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही लोगों को राहत प्रदान की गई। ग्राम पंचायत शिवपुराघाटा: यहाँ पंचायती राज विभाग द्वारा 5 पट्टे जारी किए गए और 10 शौचालयों की स्वीकृति दी गई। राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए 5 शुद्धि व बंटवारे के मामले सुलझाए और 21 नामांतरण खोले। कृषि विभाग की ओर से 25 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड बांटे गए। ग्राम पंचायत नाडी: इस शिविर में पंचायती राज विभाग ने 4 पट्टे और 12 शौचालयों की स्वीकृति जारी की। राजस्व विभाग ने 3 शुद्धि-बंटवारे के मामलों का निपटारा कर 14 नामांतरण किए। वहीं कृषि विभाग ने 28 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किए। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा और अन्य जनकल्याणकारी विभागों ने भी पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया।

इस अवसर पर शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी (मसूदा) संदेश पाराशर सहित ब्लॉक स्तर के तमाम आला अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। गांव में ही प्रशासनिक काम होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने भी राज्य सरकार की इस मुहिम की जमकर सराहना की।

# धन की श्रेष्ठ गति 'दान', खाने से अधिक खिलाने में धर्म की प्रभावना: आचार्य विहर्ष सागर

## ब्यावर में 17-18 जून को होगा भव्य श्रुतस्कंध विधान, आचार्य श्री ने श्रद्धालुओं से किया बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** श्री दिगम्बर जैन पंचायती नसिया जी (सूरजपोल गेट बाहर) में आयोजित भव्य धर्मसभा को संबोधित करते हुए परम पूज्य आचार्य श्री 108 विहर्ष सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को जीवन और धन का असली मर्म समझाया। आचार्य श्री ने कहा कि जीवित व्यक्ति को दुनिया धनवान कहती है, लेकिन देहांत होते ही लोग उसे 'निधन' (धन से रहित) घोषित कर देते हैं। इससे साफ है कि मौत के बाद धन यहीं छूट जाता है, केवल इंसान के पुण्य कर्म ही उसके साथ परलोक जाते हैं।



### धन की तीन गतियां: दान, भोग और नाश

आचार्य श्री ने शास्त्रों का हवाला देते हुए बताया कि धन की केवल तीन ही गतियां होती हैं–दान, भोग और नाश। भोग: धन का सही उपयोग अपने और परिवार के पालन-पोषण में करना।

दान: धर्म, सेवा और परोपकार के कार्यों में धन को लगाना।

नाश: यदि धन का उपयोग दान और भोग में नहीं किया गया, तो उसका नष्ट होना तय है। उन्होंने दान को एक 'आध्यात्मिक बैंक' बताते हुए कहा कि इसका रिटर्न केवल इस जन्म में नहीं, बल्कि आने वाले कई भवों (जन्मों) में मिलता है। इसलिए हर मनुष्य को अपनी कमाई का एक हिस्सा परोपकार में लगाना चाहिए।

### 'खुद खाने से ज्यादा दूसरों को खिलाने में है पुण्य '

प्रवचन के दौरान आचार्य श्री ने एक महत्वपूर्ण व्यावहारिक सीख दी। उन्होंने कहा कि स्वयं भोजन करने से केवल अपनी तृप्ति होती है, लेकिन किसी भूखे या अन्य को खिलाने से धर्म की प्रभावना होती है। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि लोग अक्सर मंदिर और धर्म कार्यों में निम्न स्तर की सामग्री चढ़ाते हैं, जबकि खुद के लिए सबसे श्रेष्ठ चीजें चुनते हैं। उन्होंने कहा, 'जैसी श्रद्धा और भाव होंगे, वैसा ही पुण्य मिलेगा। भगवान के कार्य में हमेशा सर्वश्रेष्ठ भावना और सामग्री का ही उपयोग करें। '

### 17 और 18 जून को 'श्रुतस्कंध विधान' का महाआयोजन

आचार्य श्री और उनके शिष्य मुनि श्री विजयेश सागर जी महाराज ने आगामी 17 और 18 जून को होने वाले 'श्रुतस्कंध विधान' की महिमा बताई। मुनि श्री ने कहा कि जिनवाणी ही मोक्ष का सच्चा मार्ग दिखाती है। श्रुतज्ञान की आराधना से जीवन में विवेक और संयम आता है।


### आयोजन की मुख्य बातें:

आयोजक: दिगम्बर जैन पंचायत, ब्यावर (अध्यक्ष सुशील बड़जात्या एवं मंत्री रितेश फागीवाला) तैयारियां: प्रवक्ता राकेश जैन ने बताया कि धर्मसभा में रोजाना भारी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं और समाज द्वारा सभी के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पूरे जैन समाज में इस विधान को लेकर भारी उत्साह है।

# सूने मकान से आभूषण व नकदी चोरी

**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वल्लभ विहार में बदमाशों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर वहां से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। मकान मालिक का परिवार गर्मी की छुट्टियों मनाने महाराष्ट्र गया हुआ था।

जानकारी के अनुसार शिवलोक कॉलोनी संगम मार्ग निवासी विद्यासागर व्यास ने कोतवाली पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनके बड़े भाई मनोज व्यास का मकान वल्लभ विहार में हैं तथा नौकरी के कारण अहमदनगर में रहते हैं। उनकी पत्नी और बच्चे भी गर्मी की छुट्टियों के चलते इन दिनों अहमदनगर गए हुए थे। मंगलवार को पड़ोसियों से चोरी की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही पुलिस को भी सूचित किया। मकान से चोरों ने



अलमारी और अन्य जगहों की तलाशी लेकर एक सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब, बिछिया, चांदी के सिक्के, चांदी की मूर्तियां, कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और करीब 10 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए।



# घर की बालकनी में लगा दिए ये 4 पौधे, तो खुशबू से महक उठेगा आपका पूरा घर

**घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग बहुत मेहनत करते हैं और अब आप अपने घर को खुशबू से भी महका सकते हैं। जी हां, अगर आप चाहते हैं कि आपका घर न केवल देखने में सुंदर हो बल्कि उसमें खुशबू भी फैले तो आपको अपनी बालकनी में कुछ खास पौधे लगाने चाहिए। इन खुशबूदार पौधों से ना केवल आपके घर की खूबसूरती बढ़ेगी, बल्कि इनकी महक से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। आइए जानते हैं, ऐसे चार खुशबूदार पौधों के बारे में जिन्हें आप अपनी बालकनी में लगा सकते हैं।**

### मोगरे का पौधा

अगर आप अपनी बालकनी में मोगरे का पौधा लगाते हैं, तो इसके फूलों की खुशबू पूरे घर में फैल जाएगी। मोगरे के फूलों की सुगंध इतनी प्यारी और मधुर होती है कि यह किसी को भी आकर्षित कर सकती है। मोगरे का पौधा बालकनी में लगाने से आपके घर के हर कोने में उसकी खुशबू पहुंच जाएगी, चाहे वह मेन दरवाजा हो या पीछे का दरवाजा। इसकी खुशबू आपके घर को एक अलग ही माहौल देगी।

### चमेली का पौधा

चमेली के फूलों की खुशबू बहुत ही मनमोहक होती है। जब आप अपनी बालकनी में चमेली का पौधा लगाते हैं, तो यह आपके पूरे घर को महकाने में मदद करता है। चमेली के फूलों की महक आपके दिन को बेहतर बना सकती है और आपको ताजगी का अहसास करवा सकती है। इसे आप किसी सुंदर गमले में लगाकर अपनी बालकनी के किनारे पर रख सकते हैं। इस पौधे के फूलों से आपके घर में एक नई ऊर्जा और खुशबू का अहसास होगा।

### रजनीगंधा का पौधा

रजनीगंधा के फूलों की खुशबू खासतौर पर रात के समय और भी ज्यादा तेज हो जाती है। रात के समय इसकी सुगंध इतनी ताजगी से भरी होती है कि आपको एक आरामदायक और चैन की नींद आती है। रजनीगंधा का पौधा बालकनी में रखने के साथ-साथ आप इसे घर के अंदर भी रख सकते हैं। इस पौधे को छायादार जगह पर भी लगाया जा सकता है, और यह कम रोशनी में भी अच्छी तरह से पनपता है। इसकी खुशबू आपके घर के वातावरण को शांति और सुखमय बना सकती है।

### गुलाब का पौधा

गुलाब के फूलों की खुशबू बहुत ही लुभावनी होती है। गुलाब का पौधा आपके घर की बालकनी में लगाए तो यह न केवल आपके घर को महकाएगा, बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ाएगा। गुलाब के विभिन्न रंगों के फूल आपकी बालकनी को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। गुलाब के फूलों की महक से पूरा घर महक उठेगा और यह आपकी हर एक सांस में समा जाएगी। गुलाब का पौधा किसी भी प्रकार के मौसम में बहुत अच्छे से पनपता है और यह आपके घर को ताजगी से भर सकता है।





### खुशबू का मानसिक और शारीरिक प्रभाव

इन पौधों की खुशबू आपके मूड को भी फ्रेश कर सकती है। इनकी महक से आपका मानसिक तनाव कम हो सकता है और एक सुखद माहौल बन सकता है। जब आप इन पौधों के बीच बैठते हैं तो यह न केवल आपके घर को खुशबूदार बनाएंगे, बल्कि यह आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेंगे। यह पौधे आपके घर में न केवल ताजगी और खूबसूरती लाते हैं, बल्कि आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचाते हैं।

आप इन चार पौधों को अपनी बालकनी में लगाकर घर को न केवल खूबसूरत बना सकते हैं, बल्कि इनकी खुशबू से आपका मन भी शांत रहेगा। तो अपनी बालकनी में इन पौधों को लगाकर अपने घर को खुशबूदार बनाएं और हर दिन एक ताजगी का अनुभव करें।

# अनारकली सूट में दिखना है स्टनिंग तो अपनाएं ये फैशन हैक्स

**अनारकली सूट के साथ दुपट्टा कैरी करते समय थोड़ा स्मार्टली प्ले करें। मसलन, अगर अनारकली पर हैवी एंब्रायडरी है, दुपट्टा लाइट रखें। वहीं, अगर अनारकली सिंपल या एक रंग की है, तो उस पर बनारसी, फुलकारी, गोटा-पट्टी या मिरर वर्क वाला दुपट्टा बहुत अच्छा लगता है।**



जब भी किसी वेडिंग फंक्शन या फैमिली पार्टी के लिए तैयार होने की बात होती है तो अक्सर हम सभी एथनिक वियर पहनना पसंद करती है। इन एथनिक वियर में अनारकली सूट भी एक बेहतरीन एथनिक वियर ऑप्शन माना जाता है। यह एक ऐसा आउटफिट है, जो आपको एलीगेंट लेकिन रॉयल लुक देता है और शायद यही वजह है कि हर लड़की की वार्डरोब में अनारकली सूट होता ही है। यूं तो अनारकली सूट को ऐसे ही कैरी किया जा सकता है। लेकिन अगर इसके साथ कुछ आसान फैशन हैक्स को अपनाया जाए तो आप एक ही सूट को हर बार एक अलग तरह से कैरी कर सकती हैं। इतना ही नहीं, सिंपल सा अनारकली सूट भी आपके लुक को काफी एन्हॉन्स कर सकता है। अनारकली सूट को स्टाइल करते समय बस आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर ध्यान देने की जरूरत है, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### दुपट्टे को यूं करें स्टाइल

अनारकली सूट के साथ दुपट्टा कैरी करते समय थोड़ा स्मार्टली प्ले करें। मसलन, अगर अनारकली पर हैवी एंब्रायडरी है, दुपट्टा लाइट रखें। वहीं, अगर अनारकली सिंपल या एक रंग की है, तो उस पर बनारसी, फुलकारी, गोटा-पट्टी या मिरर वर्क वाला दुपट्टा बहुत अच्छा लगता है। आप दुपट्टे को एक तरफ कंधे पर पिन कर दो और दूसरी तरफ ढीला छोड़ दो। इससे एक रॉयल लुक मिलता है। या फिर अगर आप चाहें तो कमर पर बेल्ट लगाकर दुपट्टा फिक्स किया जा सकता है। यह ना केवल स्टाइलिश लगता है, बल्कि दुपट्टे को मैनेजर करना भी आसान हो जाता है।

### फुटवियर पर करें फोकस

जब आप अनारकली सूट पहन रही हैं तो उसके साथ हील्स को जरूर पहनें। फ्लैट्स से अनारकली में आपकी हाइट कम महसूस हो सकती है। अगर आप पेंसिल हील्स पहनने में कंफर्टेबल नहीं है तो ऐसे में ब्लॉक हील्स, मोजड़ी हील्स या कोल्हापुरी वेजेस पहने जा सकते हैं। वहीं, अगर आपको इसे लंबे टाइम तक पहनना है, तो कुशन वाले प्लेटफॉर्म हील्स को चुना जा सकता है। यह आपको कंफर्ट और ग्रेस दोनों देगा।

### समझदारी से स्टाइल करें ज्वेलरी

अनारकली सूट के साथ एक्सेसरीज को थोड़ा स्मार्टली कैरी करना चाहिए। मसलन, अगर अनारकली सूट की नेकलाइन हाई है तो ऐसे में नेकपीस पहनने से बचें। इसकी जगह बस आप बड़े झुमके या चांदबालियां स्टाइल कर लें। वहीं, अगर नेकलाइन डीप है, तो सिंपल पेंडेंट और छोटे स्टड्स भी काफी अच्छे लगते हैं। इसके अलावा, दोनों हाथों को चूड़ियों से भरने की गलती ना करें। एक हाथ में स्टेटमेंट कड़ा रखो, दूसरे में वॉच।

# अब मलाई से घी बनाना नहीं झंझट वाला काम, जानिए 2 मिनट की आसान ट्रिक

आज के समय में खाने-पीने की चीजों में मिलावट आम बात हो गई है। बाजार में मिलने वाला घी कितना शुद्ध है ये जानना मुश्किल हो गया है। इसलिए लोग अब कोशिश करते हैं कि जो चीज घर पर बन सके, उसे घर में ही तैयार करें। खासकर महिलाएं जो शुद्धता को लेकर ज्यादा सजग होती हैं वो मलाई से घर का घी बनाना पसंद करती हैं। हालांकि कई लोगों को लगता है कि मलाई से घी निकालना एक लंबा और झंझट भरा काम है। लेकिन अगर सही तरीका अपनाया जाए तो ये काम न सिर्फ आसान बल्कि बहुत जल्दी हो सकता है। हाल ही में एक ऐसी ट्रिक सामने आई है, जिससे सिर्फ 2 मिनट में घी निकाला जा सकता है वो भी बिना ज्यादा झंझट के।



### कैसी मलाई लेनी चाहिए घी बनाने के लिए?

घी बनाने के लिए मलाई का सही होना सबसे जरूरी है। गीता चौधरी बताती हैं कि आपको 5 से 6 दिन पुरानी मलाई लेनी चाहिए। इससे ज्यादा पुरानी मलाई का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे घी की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। आप चाहें तो हर दिन दूध उबालकर थोड़ा ठंडा करके फ्रिज में रखें, जिससे ऊपर एक अच्छी परत मलाई की जम जाती है। यही सबसे बढ़िया तरीका है ताजा मलाई इकट्ठा करने का।

### मलाई को गर्म करने का सही तरीका

जब आपके पास पर्याप्त मलाई इकट्ठा हो जाए, तो उसे एक गहरे बर्तन में निकाल लें। अब इस मलाई को एक चम्मच से अच्छे से मिला लें ताकि जो भी गांठें बनी हों वो हट जाएं। इसके बाद, मलाई को हल्का सा गर्म करें बिलकुल उतना जितना दही जमाने के लिए दूध गर्म किया जाता है। इसका मकसद है मलाई को थोड़ा मुलायम और तैयार करना।

### अब लगाएं दही जमाने वाली ट्रिक





इस स्टेप को खास मानती हैं। वे कहती हैं गर्म की गई मलाई में अब थोड़ा छाछ या जामन मिलाएं। जामन मिलाते वक्त ध्यान रखें कि मलाई ज्यादा गर्म ना हो सिर्फ इतनी गर्म हो कि आपकी उंगली उसमें आराम से जा सके। गीता ने बताया कि उन्होंने लगभग 2.5 चम्मच छाछ डाली थी। अगर आपकी छाछ खट्टी है, तो 2 चम्मच ही काफी होगी। अब इस बर्तन को 5-6 घंटे या पूरी रात के लिए ढक कर रख दें। इससे यह दही की तरह जम जाएगी।

### 2 मिनट में मक्खन कैसे निकालें?

जब मलाई दही की तरह जम जाए, तब आपको ज़्यादा मेहनत नहीं करनी। जमने के बाद इस दही में ठंडा पानी और बर्फ डाल दें। अब लकड़ी की मथनी (या रवी/चरणी) से इसे मथें। ध्यान रहे, आपको मिक्सर चलाने की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ 2 मिनट मथने के बाद, मक्खन और छाछ अलग हो जाएंगे। यह तरीका खास तौर पर गर्मियों के मौसम में बेहद फायदेमंद है क्योंकि इसमें ना ज़्यादा वक्त लगता है, ना ही आपको किचन की गर्मी में पसीना बहाना पड़ता है।

### अब घी बनाने की बारी

मक्खन तैयार हो जाने के बाद अब आखिरी स्टेप घी निकालने की है। मक्खन को एक गहरे बर्तन में डालें और धीमी आंच पर गर्म करें। थोड़ी ही देर में शुद्ध घी तैयार हो जाएगा, जिसे आप छानकर स्टोर कर सकती हैं। इस ट्रिक से बनाए गए घी को कोई पहचान नहीं सकता कि ये मलाई से निकाला गया है या बाजार से खरीदा गया है। साथ ही, एक और आसान तरीका है कुकर में घी बनाना, जो तेज़ और सुरक्षित रहता है। मलाई से घी निकालना अगर सही तरीके से किया जाए, तो यह न तो समय लेने वाला है और न ही झंझट वाला।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com